राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 अपने करियर में मैं अनदेखी 3...



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी ... 12

गाजियाबाद, बुधवार 01 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 56, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अभिनेता पवन सिंह ने की मोदी की प्रशंसा

**रोहतास** । काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार पवन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की है। रोहतास में एक कार्यक्रम में पवन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री



मोदी देश का विकास कर रहे हैं। हम सब की जिम्मेदारी है कि स्थानीय स्तर पर विकास कार्य में सहयोग कर उनके प्रयासों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही देश का विकास होगा। इसलिए सभी को आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में लोगों से आह्वान किया कि चुनाव में आपको वह बटन दबाना है, जो आपके भविष्य की रक्षा कर सके, आपको आगे बढ़ा सके। इसलिए सभी को सोचसमझकर मतदान करना है।

### त्रिपुरा : चुनाव अधिकारी से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार भाजपा नेता को मिली जमानत

**अगरतला** । त्रिपुरा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक पीठासीन अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को त्रिपुरा में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया। कपुलिस



अधिकारी ने कहा कि उत्तरी त्रिपुरा जिले के भाजपा प्रमुख काजल दास को पुलिस ने तब गिरफ्तार किया, जब बागबासा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने उनके खिलाफ 26 अप्रैल को एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें भाजपा नेता पर पिछले शुक्रवार को मतदान के दौरान एक पीठासीन अधिकारी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया। हालांकि, जब पुलिस ने दास को स्थानीय अदालत में पेश किया, तो उसने भाजपा नेता को जमानत दे दी। उत्तरी त्रिपुरा डीएसपी ने पहले मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया था। एक अलग घटनाक्रम में, उत्तरी त्रिपुरा जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने शुक्रवार को मतदान के दौरान उसी बागबासा विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण भाजपा विधायक जादब लाल नाथ को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

### पन्नू साजिश मामले पर अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को भारत ने बताया निराधार

**नई दिल्ली** । भारत ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में एक मीडिया आउटलेट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की कथित साजिश से जुड़े गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है। उन्होंने कहा, संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य के बारे में अमेरिकी सरकार द्वारा शेयर की गई सुरक्षा चिंताओं की पड़ताल के लिए भारत सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति की जांच चल रही



है। ऐसे में इस प्रकार की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां उचित नहीं हैं। वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी विक्रम यादव ने अमेरिका स्थित अलगाववादी नेता को मारने के लिए किराए की टीम को निर्देश दिया था।

## 'अखिलेश यादव का नाता सिर्फ गुंडो, माफियाओं, खनन माफियाओं, शराब माफियाओं से': केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा की नामांकन सभा को सम्बोधित किया तथा

**केन-बेतवा रिवर लिंक परियोजना के पूरा होते ही बुन्देलखण्ड के हर खेत तक पानी पहुंचेगा**

बरेली में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ विजय का मंत्र सौंपा। कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता से हमने वादा किया था कि गुंडागर्दी नहीं रहेगी, अमनचैन का शासन होगा, जेल के अन्दर गुंडे, माफिया होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा। आपने भाजपा की सरकार बनायी और हमनें यह करके दिखाया।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में काशी से झांसी तक, गाजियाबाद से गाजीपुर तक, सोनभद्र से सहारनपुर तक बस यही प्रचलित था कि सपाईयों का एक ही नारा, हर खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। उन्होंने कहा कि माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने के लिए जाने वाले अखिलेश यादव का नाता सिर्फ गुंडो, माफियाओं, खनन माफियाओं, शराब माफियाओं तथा नकल माफियाओं से है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में



कहीं भी धमाका करके हमारे नागरिकों की हत्या कर जाते थे। लेकिन जैसे ही जनता ने कमल का बटन दबाया आतंकवाद का अंत भी हो गया और पाकिस्तान के अन्दर घुसकर पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर से 370 समाप्त होने के बाद लाल चौक पर भी और हर घर में भी शान से तिरंगा फहरा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आप अबकी बार 400 पार करिए पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहराएगा।कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों तक निःशुल्क राशन पहुंच रहा है। हर घर तक नल से जल पहुंच रहा है और केन-बेतवा रिवर लिंक परियोजना के पूरा होते ही बुन्देलखण्ड के हर खेत तक पानी पहुंचेगा। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग घबराए हुए है।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली जमानत, कोर्ट ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली**। दिल्ली का राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब नीति मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया और उनकी याचिका खारिज कर दी। सिसोदिया ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दोनों से संबंधित मामलों में जमानत मांगी थी। हालांकि, विशेष जज कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया।इससे पहले भी सिसोदिया की जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं।

शराब नीति से जुड़े मामले में सिसोदिया 14 महीने से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।सबसे पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद इसी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर ईडी ने उन्हें जेल से गिरफ्तार किया। दोनों एजेंसियों ने अलग-अलग मामला दर्ज किया है।पिछले साल ईडी ने सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की करीब 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने नवंबर, 2021 में नई शराब नीति लागू की थी, जिसमें शराब के ठेके निजी शराब कंपनियों को दिए गए थे।

## कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार माना, वैक्सीन से जम सकता है खून का थक्का

**नई दिल्ली** । कोरोना महामारी को पुरी दुनिया ने झेला था। इस बीमारी से बचाव के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण हुआ था। अरबों लोगों को कोविड वैक्सीन लग भी चुकी है। इस बीच वैक्सीन के दुष्प्रभाव की बात भी अब सामने आ गई है। यूके की प्रसिद्ध फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 की वैक्सीन से लोगों को टीटीएस जैसे साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। कंपनी ने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ साइड इफेक्ट पैदा करने की क्षमता है। आपको बता दें कि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के कारण शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं जो आगे चलकर स्ट्रोक या कार्डियक अरेस्ट जैसी घटनाओं का कारण बनते




हैं। बीते साल जेमी स्कॉट नामक व्यक्ति ने रक्त के थक्के से पीड़ित होने के बाद एस्ट्राजेनेका पर कानूनी कार्रवाई की है। स्कॉट ने जानकारी दी है कि अप्रैल 2021 में वैक्सीन लेने के बाद उनके दिमाग में खून का थक्का जम गया और खून बहने लगा जिससे उनके मस्तिष्क में स्थायी चोट लग गई और वह काम करने में असमर्थ हो गए। मई 2023 में कंपनी ने कहा था कि वे यह स्वीकार नहीं करते हैं कि टीटीएस सामान्य स्तर पर वैक्सीन से प्रेरित है। एस्ट्राजेनेका ने कोवीशील्ड वैक्सीन बनाने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ सहयोग किया था। कंपनी इस वक्त एक मुकदमे से निपट रहा है जिसमें दावा किया गया है कि उनके टीके से मौतें हुई हैं और इस वैक्सीन को लेने वालों को गंभीर नुकसान हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट को सौंपे गए कानूनी दस्तावेज में एस्ट्राजेनेका दवा कंपनी ने कहा कि यह माना जाता है कि वैक्सीन, बहुत ही दुर्लभ मामलों में, टीटीएस का कारण बन सकती है। कंपनी ने कहा है कि इसका कारण अभी पता नहीं है। यूके की कोर्ट में दायर मुकदमे में प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार करीब 100 मिलियन के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सच्चाई हमारे साथ है और हम हार नहीं मानेंगे। बता दें कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े वैक्सीन निमार्ता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) के साथ भी सहयोग किया था।

## पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस निलंबित, उत्तराखंड सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल किया हलफनामा

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने दिव्य फामेर्सी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार ने एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। यह हलफनामा प्राधिकरण की ओर से इसके संयुक्त निदेशक मिथिलेश कुमार ने दायर किया है। राज्य सरकार ने जिन




उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है, उनमें स्वसारि गोल्ड, स्वसारि वटी, ब्रोंकोम, स्वसारि प्रवाही, स्वसारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवमृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं।

### मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर सेना का अपमान किया: राहुल गांधी

**भिंड (आरएनएस)**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेना में लागू की गई अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर करारा हमला बोला है।



मध्य प्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिए मोदी सरकार ने देश की सेना का अपमान किया है। यहां से लोग सेना में सबसे ज्यादा जाते हैं। मोदी सरकार ने दो तरह के सैनिक बना दिए। एक को पेंशन मिलेगी, कैंटीन मिलेगी, अच्छी ट्रेनिंग मिलेगी और दूसरा जवान जिसको न तो कैंटीन मिलेगी, न पेंशन मिलेगी और न ही अच्छी सैलरी मिलेगी। एक को अग्निवीर कहते हैं दूसरा सामान्य जवान होता है। एक को शहीद होने पर सुविधाएं दी जाएगी, दूसरे को शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्होंने सेना का अपमान किया है। सैनिक और आमजन अग्निवीर नहीं चाहते, अगर सिर्फ कोई चाहता है तो वह पीएम मोदी हैं। यह मामूली चुनाव नहीं है, दो विचारधाराओं की लड़ाई है।

## भाजपा सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को परेशानी और संकट में डाला : अखिलेश यादव

**लखनऊ (आरएनएस)** । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भरोसे के लायक नहीं है। इस सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को परेशानी और संकट में डाला है। भाजपा सरकार के नोटबंदी, जीएसटी, इलेक्टोरल बांड लाने के फैसलों से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। मोदी सरकार ने नोटबंदी का फैसला किया, देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई, नौकरियां चली गई। व्यापार ठप हो गया, रोजगार खत्म हो गया। नोटबंदी के फायदे गिनाने वाले भाजपा के लोग अब उस पर एक शब्द भी नहीं बोलते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बांड की स्कीम लाई, उसके जरिए देश भर में जमकर भ्रष्टाचार और वसूली की। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के छापे डलवा कर चुनावी चंदा वसूला और लोगों को डराया। डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की कीमत बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई। जीएसटी लाकर व्यापार को तबाह कर दिया और व्यापारियों का काम धंधा चौपट कर दिया। भाजपा ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को धोखा दिया है। बीजेपी सबसे झूठी पार्टी हैं। इसकी कथनी करनी में भारी अंतर है।भाजपा ने



जनता से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, पूरा नहीं किया। नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन सरकार में आने पर ऐसे फैसले किए, जिससे युवाओं की नौकरियां चली गयीं। भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था लेकिन महंगाई बढ़ा दी। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर से लेकर दाल, सब्जी, दूध, तेल सभी चीजों के दाम बढ़ गये। महंगाई की मार से गरीब, मध्यम वर्ग सब तबाह हो गया है। संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आयी भाजपा ने पूरे कार्यकाल में संविधान पर खरी नहीं उतरी। बाबा साहब के संविधान को खत्म करने का प्रयास किया। भाजपा ने संविधान के साथ लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। सत्ता का दुरूपयोग किया। संवैधानिक एजेंसियों का प्रयोग अपने विरोधियों को परेशान और प्रताड़ित करने के लिए किया। भाजपा आरक्षण विरोधी है। जनता के अधिकार छीन रही है। आज हर वर्ग में भाजपा के प्रति आक्रोश है। बेरोजगार, नौजवान भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से और नाराज है।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व असत्य बयानबाजी कर जनता को बहकाने का प्रयास करती है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# 7 जून को होगा जिला प्रदर्शनी का आयोजन, डीएम ने कमेटी संग की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिला प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध मे जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में नुमाइश समिति की बैठक हुई। बैठक में नुमाइश के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 07 जून 2024 से नुमाइश का आयोजन का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी से संबंधित अधिकारियों को तैयारी



करने के निर्देश दिए।प्रदर्शनी में लोगों के आकर्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम के साथ ही अच्छे और गुणवत्ता युक्त कार्यक्रम कराए जाएं जिसमें जनपद की प्रतिभाओं को भी शामिल किया जाए।बैठक का संचालन प्रमुख मंत्री/सिटी मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी ने किया। बैठक में सीडीओ कुलदीप मीना, एडीएम वित्त राजस्व विवेक कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन डा प्रशांत कुमार, एसपी सिटी शंकर प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित समिति सदस्य मुकीम आजाद, अनीता भारद्वाज, चन्द्र भूषण मित्तल, मुकुल शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, डाक्टर हितेश कौशिक, प्रशांत जौहरी आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में अवैध रूप से चल रहे प्राइवेट स्कूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** हम बात करें शिक्षा की हर किसी के मन में शिक्षा को लेकर अलग उत्साह दिखती है हर व्यक्ति चाहता है कि उसके बच्चे अच्छे से अच्छे स्कूल में पड़कर कामयाब बने सरकारी स्कूलों में तो शिक्षा राम

**मानकों को ताख पर रखकर शिक्षा के नाम पर बटोरी जा रही है अवैध वसूली**

भरोसे चलती है इसीलिए ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिलाकर उनकी पढ़ाई करवाते हैं वहां शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जाती है।

हद तो तब हो जाती है जब पता चलता है कि जिस शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं वह शिक्षा का मंदिर फर्जी तरीके से चल रहा है ना तो स्कूल रजिस्टर्ड होता है और ना ही स्कूल के कोई भी मानक पूरे होते हैं।

इसके साथ ही कुछ स्कूलों की मान्यता तो होती है मगर अगर हम मानक को की बात करें तो कुछ स्कूलों को छोड़कर बाकी सब स्कूल में पूरे मानको के बिना ही शिक्षा दी जा रही हे

अब देखने वाली बात यह होगी खबर प्रसारित होने पर शिक्षा विभाग इन फर्जी स्कूलों पर कितनी कार्रवाई करता हैं।

# अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस व 01 थार गाडी बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** स्वाट टीम देहात व थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान चौकी धराऊ के सामने से अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 03 अभियुक्तो को 05 अवैध पिस्टल/तमंचें मय 04 जिंदा कारतूस व एक थार गाडी सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं-126/24 धारा 25(6) शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता**

1.सादाब पुत्र सफीक निवासी मौ0 तरीनान कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

2.शफाहत चौधरी उर्फ फैजान पुत्र अब्दुल रशीद चौधरी निवासी मदरसे वाली गली शेख साहिबान कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

3.वकार चौहान पुत्र मौहम्मद युसुफ निवासी मौ0 कंकरान ख्वेशग्नान कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1. 03 अवैध पिस्टल 32 बोर मय 02 जिंदा कारतूस, 2.02 अवैध तमंचे 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 3.01 थार गाडी नं0-UP-13BW-2563।

गिरफ्तार अभियुकों ने पूछताछ पर बताया कि वे एक व्यक्ति से अवैध पिस्टल व तमंचे लेकर जनपद बुलन्दशहर व आसपास के क्षेत्रो में सप्लाई करते है।

# विकास प्राधिकरण की सील की सख्ती को लेकर अवैध निर्माण करने वालों में मचा हडकंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी)।** विकास प्राधिकरण के समक्ष अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा जॉन एक और जॉन दो में दो दुकान और दो मकानो को अवैध रूप से बनाने को लेकर किया गया सील जॉन एक में गांव सैदपुर में राजकुमारी की दुकान को किया गया सिल साथ ही जॉन एक में मोहन कुटी निवासी सुंदर सिंह पर भी अवैध रूप से दुकान बनाने को लेकर कि गई सील की कार्यवाही दूसरी तरफ जॉन 2 में राम विहार कॉलोनी में जयकरण सिंह और भगवत शर्मा के मकान को किया गया सील








# दूध के टैंकर ने राहगीर को कुचला,गम्भीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू में अस्पताल के पास खुर्जा की ओर से आते तेज गति दूध के टैंकर की चपेट में आने से सड़क पर चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया। पास के दुकानदारों ने घायल को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में व्यक्ति की टांग बुरी तरह कुचल गई।डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। छतारी क्षेत्र के गांव टुण्डाखेड़ा निवासी 55 वर्षीय लेखराज पुत्र पंकज किसी काम से पहासू आया था। मंगलवार करीब 11 बजे सड़क पार करते समय खुर्जा की ओर से आ रहे दूध के टैंकर ने उसे टक्कर मार दी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने टैंकर को पकड़ लिया है।

**चौराहे पर स्पीड ब्रेकर की मांग**

पहासू, खुर्जा मार्ग पर मंडी चौराहे तथा अलीगढ़ अड्डे पर लोगों ने वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की है। इस मार्ग पर आये दिन होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में होने वाले हादसों को रोकने के लिए गति अवरोधक लगवाने की मांग की है।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी )।** जनपद से 3 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए। जनपद में तैनात रहे इन पुलिसकर्मियों के सम्मान में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर विकास प्रताप सिंह चौहान द्वारा ऐच्छिक/अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पूरे सम्मान के साथ शॉल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की तथा पुलिस विभाग में उनके




सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की भी सराहना की गई।

**सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के नाम-**

निरीक्षक नागरिक पुलिस अशोक पाल सिंह प्रभारी कचहरी सुरक्षा। उ0नि0 नागरिक पुलिस नरेन्द्र सिंह थाना अरनिया। मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मनोज कुमार आर्य अभियोजन कार्यालय शामिल हैं।

# लंबी बीमारी के चलते किराना व्यापारी इस्लाम मलिक का हुआ इंतकाल ,परिवार में पसरा मातम

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर के मोहल्ला शिफा खाना रोड निवासी किराना व्यापारी इस्लाम मलिक का लंबी बीमारी के चलते मेरठ के एक निजी अस्पताल में आज सुबह इंतकाल हो गया । इस्लाम मालिक एक मिलनसार हंसमुख स्वभाव के इंसान थे उनके इंतकाल की खबर से उनके परिवार, रिश्तेदार और किराना व्यापारियों में शोक छा गया । लोग सांत्वना देने के लिए उनके घर पर जमा हुए और शोकुल परिवार को सांत्वना दी । उनकी नमाज ए जनाजा असिर की नमाज के बाद अदा की गई ! अकबरपुर रोड पटवर वाले कब्रिस्तान में उनको सुपुर्द ए खाक किया गया । उनके जनाजे में नगर के सामाजिक, राजनीतिक लोगों ने शिरकत की और नम आंखों से उनका अंतिम विदाई दी।

# जमीन विवाद में दादा की गला दबाकर हत्या,वारदात के बाद फरार

**बुलंदशहर ।** थाना क्षेत्र के सहार गांव में जमीनी विवाद को लेकर पोते ने अपने 70 वर्षीय दादा की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक वृद्धि के बेटे ने मामले में पुलिस को शिकायत दी। सहार गांव निवासी रामगोपाल ने बताया कि परिवार को जमीन उसके पिता श्यामलाल (70) के नाम थी। श्यामलाल जमीन को लेकर बटवारा नहीं करना चाहते थे। वही पीड़ित का भतीजा (बड़े भाई कृपाल सिंह का बेटा) निक्की लगातार जमीन में अपने हिस्से की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर परिवार में काफी दिनों से विवाह चल रहा था। मंगलवार सुबह निक्की ने गुस्से में आकर श्यामलाल की गला दबाकर हत्या कर दी और घर से भाग गया। पीड़ित परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# विद्यालय में किया गया एनसीसी जूनियर विंग का चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड़ में एनसीसी जूनियर विंग के कैडेट्स की चयन प्रक्रिया शारीरिक और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया। चयन प्रक्रिया का आयोजन 39 एनसीसी बटालियन यूपी के नायब सूबेदार संजय कुमार, हवलदार विक्रम सिंह एवं हवलदार मलकित सिंह की उपस्थिति में किया गया। चयन प्रक्रिया में 30 विद्यार्थियों ने जेडी और 16 विद्यार्थियों ने जे डब्ल्यू के लिए भाग लिया। जिनमें से 18





जेडी और 8 जे डब्ल्यू कुल 26 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। आज की इस चयन प्रक्रिया में लेफ्टिनेंट उमेश कुमार पांड, सीटीओ जितेंद्र एवं श्रीमती मनीषा रहीं। विद्यालय के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रबंधक जगदीश प्रसाद ढोंडियाल एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र ने एनसीसी में चयनित सभी कैडेट्स को बधाई दीं तथा देश सेवा में आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया।

# पक्षियों को दाना-पानी देने से भी होते हैं ग्रह शांत, पृथ्वी में होने वाली सूक्ष्म हलचल भी परिंदों के स्वभाव को करता है प्रभावित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** यदि आप हर दिन पक्षियों को दाना और पानी दे रहे हैं तो आप अपने ग्रहों को शांति कर रहे हैं। ग्रहों को शांति के लिए अपनी राशि अनुसार पक्षियों को दाना देना चाहिए। क्योंकि पक्षियों के स्वभाव में ग्रहों का प्रभाव दृष्टिगोचर होते हैं। एक व्यक्ति की उन्नति से लेकर स्वास्थ्य आदि भी ग्रहों की चाल पर भी निर्भर करते हैं और मनुष्य का स्वभाव पूरी तरह से प्रकृति से जुड़ा रहता है। मानव जितना प्रकृति से दूर होता जा रहा है उसे उतना ही प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पुराने समय में मनुष्य की दिनचर्या यह प्रकृति पर आने वाले संकट का एहसास पक्षियों के माध्यम से कर



लिया जाता था । आज के भौतिक युग में पक्षियों से निकटता लगभग समाप्त हो चुकी है। पक्षियों के स्वभाव जयंत सेन रंग आदि आकाशीय पिंडों से प्रभावित होते रहते हैं। पृथ्वी में होने वाली सूक्ष्म हलचल भी परिंदों के स्वभाव को प्रभावित कर देती है। जिसके चलते ही वैज्ञानिक जी भूगर्भीय हलचल के प्रभाव का अध्ययन पक्षियों में करते आ रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में रतन विज्ञान के माध्यम से नवग्रहों के दुष्प्रभाव को रतन धारण कर अनुकूल बनाया गया है। तो वहीं पक्षियों की अनेक जातियां हैं जो कि अलग-अलग सूर्य चंद्र मंगल बुध शुक्र शनि केतु और राहु का प्रतिनिधित्व करती हैं। भारतीय ज्योतिष तथा अपशकुन शास्त्र में पक्षियों के व्यवहार से होने वाले प्रभावों को प्रत्यक्ष अनुवाद भी किया जाता रहा है। सुबह सुबह के समय मुर्गे की बाग अपने इष्ट देव सूर्य के आगमन की सूचना देता है।

## गर्मी दोपहर में बाजारों में सन्नाटा, चढ़ते पारे ने किया लोगों को बेहाल

# पारा पहुंचा 40 के पार,घर से कम निकल रहे लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** गर्मी अब धीरे-धीरे अपने रंग में आती जा रही है। तापमान में हो रही बढ़ोतरी से जनजीवन भी प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप के कारण बाजारों में भी चहल-पहल काफी कम नजर आ रही है। लोग गर्मी में पसीना पसीना नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोग घरों में दुबक ने को मजबूर हैं। यदि कोई बाहर निकल भी रहा है तो वह गर्मी से बचाव की चीजें लेकर चल रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सुबह से ही सूरज देवता आग उगलना शुरू कर देते हैं। जैसे जैसे दोपहर होती है वैसे वैसे तापमान की चरम पर पहुंच जाता है। गर्मी और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करने को मजबूर हैं। वही भयंकर गर्मी ने बाजारों की भी रौनक खत्म कर दी है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। लोग जरूरी कामों से ही बाहर निकल रहे हैं। हालांकि शाम के समय लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन दिन का तापमान 40 के पार जा रहा है जो लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। अधिक गर्मी के चलते अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गर्मी की चपेट में अधिकांश बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा आ रहा है।



मंगलवार को भी गर्मी से लोग पूरी तरह मुहाल नजर आए। गर्मी से बचाव के लिए लोगों को सिर के मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाते हुए देखा जा सकता है। वही गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलरो व एसी. की खरीदारी में भी तेजी आई है। गर्मी के चलते दोपहर के समय नगर की सड़कों पर आवाजाही में कमी देखी जा रही है लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर में जगह-जगह शीतल पेय पदार्थों की दुकानें भी खुल गई हैं नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार में खुली लस्सी कोल्ड ड्रिंक और गन्ने के रस की दुकान है लोगों को राहत पहुंचा रही हैं। गर्मी के चलते स्कूली बच्चों को घर वापस के दौरान पसीना पसीना होना पड़ रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि ऐसा लगता है कि इस वर्ष गर्मी अपने पूरे चरम पर रहेगी। सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह का कहना है कि गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी आवश्यक है। खानपान को लेकर लोग सावधान रहें बाहर की चीजों का कम प्रयोग करें गर्मी के मौसम में तला भुना कम खाएं साथ ही पानी की ज्यादा इस्तेमाल करें।

**ऐसे करें बचाव**

गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए।

घर में लस्सी नींबू पानी छाछ आदि का प्रयोग करें।

बच्चे और बुजुर्गों को नारियल पानी का सेवन कराएं।

बासी भोजन ना करें।

दोपहर में बाहर जाते समय चश्मे का इस्तेमाल करें।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर में बने ईवीएम वेयर हाउस



का मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे का भी निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि कैमरों को क्रियाशील रखा जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विवेक कुमार मिश्रा, डीडीसी चकबंदी उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा नाम MD Sharik New Name Muhammad Sharik पिता का नाम Matlob सही नाम Matloob माता का नाम Khushud सही नाम Khushnuma है। भविष्य में हमे इसी नाम से जाना जायें।

पताः- म0सं0 150 मौहल्ला पीर खां कस्बा गुलावठी जनपद बुलन्दशहर (उ0प्र0)

# गलगोटिया विश्वविद्यालय में प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2024 का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ ने हाल ही में ह्व शकुंतला देवी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिताह्व की मेजबानी की। शकुंतला देवी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित संस्थानों की 22 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टीमों ने भाग लिया, जो कानूनी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें गलगोटियास विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने उभरते कानूनी दिमागों के बीच कानूनी कौशल और वकालत कौशल को बढ़ावा देने के लिए अपना उत्साह और समर्थन व्यक्त किया।

इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 27 अप्रैल को आयोजित प्रारंभिक दौर में 22 टीमों ने अपनी कानूनी कौशल और जटिल कानूनी मामलों की समझ का प्रदर्शन किया। इस राउंड से 8 टीमें विजयी हुईं और क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 28 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल के दौरान तीव्र अदालती नोंक-झोंक देखी गई, जिसमें 4 टीमों ने सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित करने के लिए असाधारण वकालत कौशल और कानूनी तर्क का शानदार प्रदर्शन किया।

29 अप्रैल को आयोजित फाइनल में आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, मोहाली की टीम प्रतियोगिता का विजेता बनी।गलगोटियास विश्वविद्यालय के विवेकानन्द सभागार में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी, सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश; सम्मानित अतिथि न्यायमूर्ति पी.एस. धालीवाल, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, जो पंजाब राज्य उपभोक्ता निवारण आयोग के अध्यक्ष भी हैं। माननीय न्यायमूर्ति जे.आर. मिधा, पूर्व न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय और इस कार्यक्रम में




गलगोटिया यूनिवर्सिटी के चांसलर सुनील गलगोटिया भी शामिल हुए। अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, माननीय न्यायमूर्ति जेआर मिधा ने छात्रों के प्रदर्शन को स्वीकार किया और एक अच्छी तरह से तैयार किए गए म्यूट कोर्ट प्रस्ताव के महत्व पर जोर दिया। स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार वत्स ने माननीय न्यायमूर्ति पी.एस. धारीवाल को आमंत्रित करते हुए एक अभिनंदन भाषण कहा कि वो विद्यार्थियों के समक्ष अपनी प्रेरक संघर्षमयी जीवन यात्रा के बारे में अपने अनुभव साँझा करने की कृपा करें। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी ने कानूनी पेशे में लैंगिक अंतर पर प्रकाश डाला और इसे पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतियोगिता का नाम एक महिला के नाम पर रखे जाने की सराहना की और टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। उनके द्वारा साझा की गई गहन अंतर्दृष्टि ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया, कानूनी शिक्षा में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित किया गया। आर्मी लॉ स्कूल, मोहाली के विजेताओं, ध्रुव खंडूरी, प्रगति खांडेकर और विश्वांगिनी को गलगोटियास यूनिवर्सिटी की ओर से श्रीमती शकुंतला देवी मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी प्राप्त हुई। और 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार। प्राप्त हुआ। उपविजेता टीम के रुप में एलएलवाईओडी लॉ कॉलेज ग्रेटर नौएडा से सलोनी राजोरा, संस्कृति रावत और जाहन्वी तोमर को 30,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ वक्ता और सर्वश्रेष्ठ स्मारक के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के अनिरुद्ध अरोड़ा और आर्मी लॉ स्कूल, मोहाली के ध्रुव खंडूरी ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता का 7500 रुपए का पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त, राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला की पायल सिंह, निष्ठा चौधरी और भूमिका ग्रोवर ने याचिकाकर्ता पक्ष के लिए सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार जीता और जामिया मिलिया इस्लामिया के मोहम्मद राशिद परधान और इशांत त्रिपाठी की छात्र टीम ने प्रतिवादी पक्ष के रूप में सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार जीता। शकुंतला देवी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिताह्व के कार्यक्रम की अपार सफलता आग आने वाले समय में कानूनी शिक्षा को आगे बढ़ाने और इसे सभी सामाजिक वर्गों के लिए सुलभ बनाने के लिए गलगोटियास विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस कार्यक्रम की अपार सफलता एडवोकेट गलगोटियास विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑपरेशन एडवोकेट आराधना गलगोटिया और विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए और छात्रों के बीच कानूनी कौशल को बढ़ावा देने के लिए उनके अटूट प्रयासों का ही प्रमाण है।

# डॉग बाईट की समस्या से निदान के लिए डॉग्स लवर, एओए, नगर निगम और आरडब्लूए समन्वय बनाते हुए कार्य करें : मण्डल आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मेरठ मण्डल आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, अप्रैल 2024 एवं ए0बी0सी0सेन्टर की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।







मण्डलायुक्त ने संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान से जुड़े अधिकारियों,कर्मचारियों, डॉक्टर्स सहित अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि संचारी रोगो के नियंत्रण के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है और हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करें, इसके लिए यह दस्तक अभियान चलाया जाता है। लोगों को जानकारी होनी चाहिए कि संचारी रोग पर किस प्रकार से नियंत्रण किया जा सकता है। हमें अपने आस,पास किसी प्रकार से गन्दगी नहीं होने देनी है, गमले, कूलर, फ्रीज आदि में पानी जमा नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही अन्य बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।मण्डलायुक्त महोदया ने एनिमल ब्रथ कन्ट्रोल सेन्टर (एबीसी) की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जानवरों की सुरक्षा की मद्देनजर उच्चत्तम न्यायालय द्वारा भी अनेक प्रकार के नियम कानून बनाये गये हैं, जिसमें डॉग्स के लिए भी विशेष अधिकार दिए है। आम जनता को डॉग काटे नहीं और उनके अधिकारों का भी हनन ना हो इसके लिए डॉग्स लवर और एओए को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। इसके लिए नगर निगम द्वारा एक एबीसी सेन्टर बनाया गया और दूसरा बनाया जा रहा हैं। और तीसरे के लिए आवदेन किया हुआ है। यदि डॉग्स लवर, एओए, नगर निगम और आरडब्लूए के पदाधिकारी इस पर समन्वय बनाते हुए कार्य करें तो इसके डॉग्स बाईट का मामला पूर्णतः खत्म हो जायेगा।बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ.भवतोष शंखधर सहित अन्य अधिकारीगण और बैठकों से सम्बंधित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के बाल रोग विभाग ने मनाया विश्व टीकाकरण सप्ताह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के बाल रोग विभाग ने 30 अप्रैल 2024 को विश्व टीकाकरण सप्ताह बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। संस्थान में यह उत्सव 24 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 30 अप्रैल तक पूरे एक सप्ताह तक चला, जिसमें टीकाकरण के महत्वपूर्ण पहलू पर विचार-मंथन सत्र और अतिथि व्याख्यान के साथ प्रख्यात वक्ताओं, डॉ. सौदान सिंह, डॉ. रुचिरा गुप्ता, डॉ. एकता गुप्ता, डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने भाषण दिया।



उद्घाटन भाषण में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर टीकाकरण की प्रमुख भूमिकाओं और प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। नारा लेखन, पोस्टर प्रस्तुति, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करके जागरूकता और संवेदीकरण किया गया। एमबीबीएस छात्रों के लिए टीकाकरण पर एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें 4 टीमें शामिल थीं। उत्सव का समापन अंतर महाविद्यालय स्नातकोत्तर प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ जिसमें पीजीआईसीएच नोएडा, शारदा मेडिकल कॉलेज, ग्रेटर नोएडा की टीमों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। अंतिम कार्यक्रम के बाद प्रोफेसर और बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. संजू यादव सहायक प्रोफेसर बाल रोग ने पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. रुचिका, डॉ. सुजया, डॉ. राजीव, डॉ. मीतू भी उपस्थित थे।

# एच.आई.एम.टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अगामी 2 तथा 3 मई 2024 को भव्य रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो 2024 का होगा आयोजन, लगभग 4000 छात्रों को होगा फायदा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** एच. आई.एम. टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में एचआईएमटी समूह के अध्यक्ष हेम सिंह बंसल ने अगामी 2 तथा 3 मई 2024 को होने वाले भव्य रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो 2024 के बारे में विस्तार से बताया। बंसल ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य एक ही स्थान पर दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश ० निकट राज्यों के विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराना है। हेम सिंह बंसल ने कहा कि ल्कव्टळ ग्रुप समूह विगत वर्ष से इस प्रकार के आयोजनों को करता आ रहा है जिनमें विभिन्न क्षेत्रों की अनेक कम्पनियां हिस्सा लेतीआयी हैं इस मौके पर कार्यकारी निदेशक डॉ. विक्रांत चौधरी ने बताया कि अभी तक 2200 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं।आईटी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, मार्केटिंग, बैंकिंग,



फार्मास्युटिकल, बायोटेक्नोलॉजी, लीगल सर्विसेज और अन्य क्षेत्रों की तीस से अधिक कंपनियों ने इस मेगा जॉब फेयर में भाग लेने के लिए अपनी पुष्टि दी है।चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल नौकरी चाहने वालों को फायदा होगा बल्कि कंपनियों को उम्मीदवारों के बड़े समूह का विश्लेषण करने का भी मौका मिलेगा ताकि वे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन कर सकें।इस अवसर पर समूह निदेशक प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार ने कहा कि एचआईएमटी यह सुनिश्चित करेगा कि अधिकतम प्रतिभागियों के हाथ में नौकरी के प्रस्ताव हों। उन्होंने सभी आवेदकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निदेशक प्रबंधन अध्ययन प्रो.(डॉ.)पंकज कुमार निदेशक फामेर्सी, प्रो.(डॉ.) अनुज मित्तल,प्रिंसिपल लॉ, प्रो.(डॉ.) त्रिभुवन अग्रवाल, प्रिंसिपल एजुकेशन, डॉ. मनोरमा शर्मा, एडमिन अधिकारी कविता चौधरी, एचओडी आईटी, नरेंद्र उपाध्याय, प्लेसमेंट प्रमुख राजेश वाही, आईटी मैनेजर, भूपेन्द्र नागर भीउपस्थिति रहे ।

# जखैड़ा पीएचसी पर डॉक्टर सहित चार लोग नदारद,2 एएनएम मिली उपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)। गढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जखैड़ा रहमतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अधिकतर डाक्टर, फार्मासिस्ट नदारद रहते हैं। और मरीज परेशान होकर वापस घर चले जाते हैं। साथ ही इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। दूसरों को स्वस्थ करने का दावा करने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंदगी के चलते खुद बीमार चल रहा है।

सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव जखैडा रहमतपुर में देखने को मिला है। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात डॉक्टर,फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय अपनी ड्यूटी से नारद मिले। मौके पर केवल दो एएनएम प्रियंका और काजल उपस्थित मिली। वही इस मामले को लेकर सिखैड़ा सीएचसी प्रभारी डॉ अमित बैसला का कहना है कि डॉक्टर ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। और फार्मासिस्ट के द्वारा डबल ड्यूटी की गई थी। और अन्य कर्मचारियों के विषय में जानकारी कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# शारदा विश्वविद्यालय के रिसर्चर इंद्रजीत राय को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स से पुरस्कार मिलने पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के रिसर्चर व नामी न्यूज चैनल के वरिष्ठ पत्रकार इंद्रजीत राय को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जहां इन्द्रजीत राय को भारत के पहले और दुनिया के सबसे लंबे समय तक फॉरेंसिक जर्नलिस्ट रहने का पुरस्कार मिलने पर विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता ने सम्मानित किया। नामी न्यूज चैनल के एक्ज़िक्यूटिव एडिटर के साथ-साथ फॉरेंसिक साइंटिस्ट और कई राज्यों की पुलिस एकेडमी के फॉरेंसिक ट्रेनर भी हैं। विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता ने भारतीय फॉरेंसिक जर्नलिस्ट इन्द्रजीत राय को बधाई देते हुए कहा कि सही मायनों में फॉरेंसिक साइंस के इस्तेमाल से ही शान्ति के लिए विनाशक फेक न्यूज को रोका जा सकता है। शिक्षा ही दुनिया को विकास के रास्ते पर आगे ले जा सकती है. इन्द्रजीत जैसे दूसरे नौजवानों को भी विज्ञान का कुछ अलग इस्तेमाल करना होगा।उनके योगदान के लिए बधाई दी और फॉरेंसिक जर्नलिज्म को समाज में फेक न्यूज के खात्मे के लिए जरूरी बताया। शान्ति के लिए जरूरी है कि समाज के सभी लोग अपना उत्कृष्ट योगदान दें इस अवसर पर इंद्रजीत राय ने कहा कि भारत एक महान देश है, पिछले 10 सालों में तरक्की की तरफ कई कदम बढ़ाए हैं। भारत



ने अपने पुराने कानून को बदल दिया है। फॉरेंसिक साइंस अब हर संगीन अपराध की जांच में जरूरी हो गया है। जर्नलिज्म अब भारत में हकीकत बन चुका है।कहा कि दुनिया में विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल जब शांति और सहयोग के लिए होगा तभी सही मायनों में दुनिया विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। फॉरेंसिक जर्नलिज्म को सुरक्षित समाज के लिए जरूरी बताया। पत्रकारिता एक ऐसा काम है जो समाज के लिए कार्य करता है। पत्रकारिता में विज्ञान का उपयोग करके आप बेहतर कर सकते है और भीड़ में सबसे अलग दिखाई देंगे। आज के युवा तकनीक इस्तेमाल कर रहे है। जो देश और समाज के हित में है।

**शिविर** आज के दौर में हर इंसान किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है और उस बीमारी से राहत पाने के वो हर संभव प्रयास भी कर रहा है

# दो दिवसीय 'दर्द निवारण शिविर' का आयोजन हुआ, उमड़ी हजारो की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ( राजू बोहरा)।** आज के दौर में हर इंसान किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है और उस बीमारी से राहत पाने के वो हर संभव प्रयास भी कर रहा है। ऐसे लोगो की मददत के लिए इस दौर में कई प्रतिष्ठि एनजीओ भी बढ़चढ़ कर अपने-अपने तरीके से लोगो की निशुल्क और निस्वार्थ सेवा कर रहे है। ऐसी ही संस्थाओ में एक नाम जानेमाने एनजीओ'आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी का भी शामिल है जो समय-समय पर अलग-अलग तरह के सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये मानव सेवा में सम्मलित रहती है।

इस बार यह एनजीओ 'आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी ने एक और बड़ी सामाजिक पहल करते हुए विश्व प्रसिद्ध फिटनेस गुरु हनुमान चौहान जी जोधपुर केरु वाले का 27 और 28 अप्रैल 2024 को दो दिवसीय निशुल्क "दर्द निवारण शिविर" का आयोजन दिल्ली के तिहाड़ जेल में किया जिसमे






कंधे जाम, गर्दन,पीठ, पैर, एड़ी, मांसपेशियों, में अकड़न, कूल्हे का जोड़ साइटिका नसों का इलाज आदि किया गया वो भी बिना किसी दवा के स्पर्श पद्धति से वो भी बिलकुल निशुल्क। गौरतलब है की फिटनेस गुरु हनुमान चौहान एक प्रसिद्ध हस्ती है जो स्पर्श पद्धति से लोग का इलाज करते है जिसे अंग्रेजी में हीलिंग टच बोलते है। उनके हाथ में गजब की सफा है दो,तीन मिनट में ही मरीज की बंद नसे खुल जाती है। लोगो के नसों की समस्याओ का उचार हो जाता है वो भी किसी दवाई के दर्द निवारण करते है। उसके पास दुनिया से लोग अपना इलाज कराने आते है। इस 'दर्द निवारण शिविर" का एनजीओ 'आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी व तिहाड़ एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन और वी एस टीवी की रचना जैन की ओर से किया गया इसमें लोगो को दर्द में काफी आराम मिल।

7 नंबर जेल में बंदी भाइयो और जेल स्टाफ ऑफिसर्स का दर्द निवारण किया गया जबकि 28 अप्रैल को तिहाड़ जेल ऑफिसर्स निवास काम्प्लेक्स में किया गया जिसमे देश भर से आये आम लोगो जिसमे एनजीओ 'आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी के स्टेट हेड के साथ लगभग डेढ़ हजार लोगो ने अपना इलाज कराया। आयोजक एवं एनजीओ के अध्यक्ष नरेश बैसला ने बताया की में भी ऐसे की एक समस्या से गुजर था जिसके निदान उन्हें गुरु जी हनुमान चौहान जी के पास जोधपुर उनके आश्रम में जाकर मिला। मैंने अभी तय कर लिए था की हम दिल्ली में गुरु जी बुलाकर लोगो के दर्द का निवारण करेंगे। इसमें हमे तिहाड़ एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय ठाकुर जी सेकेटरी जितेंद्रसिंह जी विशेष सहयोग मिला। आगे भी हमारा पूरा प्रयास रहेगा की हम निशुल्क ऐसे "दर्द निवारण शिविर लगते रहे रहेंगे। इस मौके पर इस संस्था के अध्यक्ष नरेश बैसला,उपाध्यक्ष मयंक जैन, कोषाध्यक्ष पंकज चौहान, सचिव मांगेराम, जरनल सेकेट्री रचना जैन, सरिता संयुक्त सचिव, कार्यकरणी सचिव, वेद प्रकाश, संस्था के हरियाणा के हेड वीरभान, कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर रिषभ बैसला भी मौजूद थे।

# ए.बी.ई.एस इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में 150 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज एवम ए.बी.ई.एस. बिजनेस स्कूल के संयुक्त तव्यावथान में रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ के सहयोग से दिनांक 30 अप्रैल 2024 को कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष नीरज गोयल, उपाध्यक्ष राचिन मोयल, महासचिव शाश्वत गोयल, सलाहकार रघुनंदन, निदेशक ए.बी.ई.एस.ई.सी प्रो० (डॉ०) देवेन्द्र कुमार शर्मा, निदेशक ए. बी.ई.एस बिजनेस स्कूल प्रो० (डॉ०) अजय सिंह, एवं रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ के प्रेसिडेंट रोटेरियन मानव सिंघल एवं वलब के अन्य सदस्यों सचिव रोटेरियन पुनीत अग्रवाल, अध्यक्ष रक्तदान रोटेरियन मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन रजत जिंदल की उपस्थिति में किया गया। रक्तदान शिविर में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं शिविर के दौरान 150 यूनिट रक्त दान किया। इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के क्लब अध्यक्ष डॉ० पराग सिंघल ने कहा स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान करना बहुत जरूरी है। एन.एस.एस. क्लब के काउंसलर डॉ० पुनीत कुमार अग्रवाल एवम् देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने रक्तदान से होने वाले लाभों जैसे हृदय रोग का कम होना, वजन घटना, कैंसर का खतरा कम होना आदि से अवगत कराया। शिविर को सफल बनाने में एन.एस.एस. क्लब वालंटियर दिव्यांग चैहान, सुहानी गर्ग, अनमोल गुप्ता, क्षितिज राइ आदि ने भी रक्तदान एकत्र कराने मे विशेष योगदान दिया।







# जिले में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्यागी ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। जितेंद्र कुमार त्यागी ने रविवार को बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी। जिले में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्यागी ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।जितेंद्र कुमार त्यागी ने रविवार को बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है और आरोप लगाया है कि पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे अपने पत्र में लिखा है। कि पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है, उन पर फर्जी आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये हैं, इससे त्रस्त होकर उन्होंने उनसे इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। मुरादनगर से भाजपा विधायक अजीत त्यागी के मामा और पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी के रिश्तेदार नरेश त्यागी की हत्या के मामले में जितेंद्र कुमार त्यागी पर नौ अक्टूबर 2022 को मुकदमा दर्ज किया गया था। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने मांगी परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति**

# सपा नेता संजीव चौधरी फिर आया विवाद में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यह ताजा मामला 26 अप्रैल का है जिस दिन मतदान हो रहा था भाजपा नेता मनोज वर्मा और सपा नेता संजीव चौधरी एक ही बूथ पर अलग-अलग पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अचानक किसी बात पर विवाद हो गया और संजीव चौधरी ने मनोज वर्मा के साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया जिसकी शिकायत मनोज और बने मतदान केंद्र पर पुलिस अधिकारियों से की उसके बाद की सारी घटना की शिकायत मनोज वर्मा द्वारा मधुबन बापूधाम थाने में की गई मनोज वर्मा का आरोप है कि सपा नेता संजीव चौधरी ने उनके साथ अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी मधुबन बापूधाम थाने में इस प्रकरण की एफआईआर दर्ज हो गई है। इस पूरे मामले में मनोज वर्मा ने बताया कि संजीव चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर में दर्ज किया गया है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन संजीव चौधरी ने मनोज वर्मा के साथ मारपीट, गालीगलौज और जान से मारने की धमकीयां दी थी। तथा संजीव चौधरी अपनी रिवाल्वर दिखाकर मनोज वर्मा के परिवार को आतंकित करता है। तथा समय समय पर अभद्र टिप्पणी करता है। और गुन्डों से पिटवाने की धमकी देता है। संजीव चौधरी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं और इसके पूर्व भी थाना मधुबन बापू धाम में एक व्यापारी ने संजीव चौधरी के खिलाफ गोली मारने, अपहरण करने और छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। तथा संजीव चौधरी पर इसके सगे भांजे की पत्नी ने भी महिला थाने में बलात्कार के प्रयास का भी आरोप लगाया था। जो महिला थाने में दर्ज किया गया था। तथा पूर्व में इसके ऊपर अपने एक विकलांग पडौसी का मकान झांसा देकर और समाजवादी पार्टी के रौब का दबाव डालकर कब्जाने का आरोप भी है। पुलिस इन सभी आरोपों की गहनता से जांच संजीव चौधरी के खिलाफ व्यापारी मनोज तोमर द्वारा कराई गई पूर्व में,हत्या किडनैपिंग और छेड़छाड़ की एफआईआर रिपोर्ट धारा 364, 307, 328, 323, 504, 506,147 मुकदमा दर्ज।

**गाजियाबाद इस बार भाजपा नेता के साथ की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी**



# गर्मी में पशुओं के शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं : डॉ. एसपी पाण्डेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में 65% के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 % पानी होता है। अतः शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं। अत्यधिक कमजोरी महसूस होती है। भूख में कमी आती है। दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता है जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है। गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है, यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए । तमाम ऐसे पशु है। जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। जो भी पानी रखें उसको आप समय-समय पर बदलते रहे और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता है ।यदि पशु पक्षी बहुत हाँफ रहा हो, कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो, मुंह से लार टपक रही हो, उसके हृदय की गति बढ़ गई हो और वह निहाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते है। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें और इलाज कराये। भार ढ़ोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12:00 बजे से 3:00 तक अवश्य आराम दें । 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन अवश्य करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जाएगा। अपने पालतू पशुओं को दिन में एक बार जरूर नहलाएं । छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म हवा के सीधे संपर्क में आने से रोकने के लिए पर्दे लगाए। टीन शेड के घर बने हो तो उसे पर घास, पराली आदि डाल दें जिससे छत गर्म ना हो। पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक, संतुलित पशु आहार मिनरल मिक्सर प्रति दिन दें। इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आएगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताए गए उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।



डॉ एसपी पाण्डेय
मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद



# चुनावी व्यस्तता के बीच गोसेवा में रमे सीएम योगी, फिर झलका बाल प्रेम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शीर्ष पंक्ति में बने हुए हैं। जबरदस्त व्यस्तता के बावजूद गोसेवा और बच्चों के लिए उनके दुलार में तनिक भी कमी नहीं आई है। चुनाव प्रचार के दौरान जब भी उनका गोरखपुर आना हुआ, गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोसेवा और बालप्रेम का नजारा हमेशा दिखा।

सीएम योगी सोमवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। यहां रात्रि प्रवास के बाद वह मंगलवार पूर्वाह्न वह पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल रवाना हुए। चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम योगी मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

गोसेवा के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर अपने परिजन के साथ एक मासूम बच्चे पर पड़ गई। सीएम उसके पास पहुंचे और श्रेयांश नाम के इस बच्चे को खूब दुलारकर आशीर्वाद दिया। कुछ देर बच्चे के साथ खेलने के साथ ही उन्होंने उसे चॉकलेट दिया।



# स्वीकृत नक्शे की अनदेखी पर सात भवनों को किया सील

**गाजियाबाद** । जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने सोमवार को साहिबाबाद क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य करते पाए जाने पर सात भवनों को सील करने के निर्देश दिए। साथ ही, सब जोन 703 व 704 में तैनात सुपरवाइजरों को निलंबित करते हुए जोन के अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस मामले की जांच के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जीडीए उपाध्यक्ष प्रवर्तन दल के साथ निरीक्षण के लिए साहिबाबाद क्षेत्र के जोन सात में पहुंचे थे। यहां उन्होंने भूखंड संख्या 11/67 सेक्टर-तीन राजेंद्रनगर, भूखंड संख्या 11/154, भूखंड संख्या 6/111, भूखंड संख्या 4/13 सेक्टर-पांच, भूखंड संख्या 6/109 सेक्टर-2, भूखंड संख्या 4/9 सेक्टर-पांच, भूखंड संख्या-11/107 सेक्टर-तीन का निरीक्षण किया।

इस दौरान पाया गया कि आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ जगह बेसमेंट को मौजूदा मार्ग से काफी ऊपर बनाया गया है, जिससे बेसमेंट की प्रकृति प्रभावित हो रही है।

इसी तरह स्टिल्ट तल को इस तरह निर्मित पाया गया जैसे भविष्य में उसमें पार्किंग के स्थान पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। किसी भी निर्माण स्थल पर स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका जबकि मानचित्र को निर्माण स्थल पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। निर्माण स्थल पर कोई भी तकनीकी रूप से दक्ष व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। निर्धारित सेटबैक कवर करते हुए मानकों के विपरीत निर्माण पाया गया। पहले भी नियमों के विपरीत निर्माण कार्य किए जाने पर इन भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी अवैध निर्माण जारी रहा।

संगठित रूप से अवैध निर्माण मानते हुए इस मामले में जीडीए के कर्मचारियों-अधिकारियों की लापरवाही पाई ई। सब जोन 703 व 704 में तैनात सुपरवाइजरों को निलंबित करते हुए जोन के अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# भक्ति से ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है : साध्वी ज्योति भारती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** लाल कुआं, में चल रही त्रिदिवसीय श्री हरि कथा के दूसरे दिवस पर अनेक भक्तों ने प्रभु भक्ति के संदेश को प्राप्त किया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित इस कथा में 30 अप्रैल, 2024: मंगलवार को दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी दिवाकरा भारती , साध्वी ज्योति भारती एवं साध्वी शालिनी भारती ने भावपूर्ण एवं सुमधुर भजन संकीर्तन के द्वारा ईश्वर भक्ति के लिए सबको प्रेरित किया।

साध्वी ज्योति भारती जी ने समाज में प्रचलित अनेक भक्ति के तरीकों से लोगों में होने वाले भ्रम को दूर करने का सुझाव बताया। भक्ति को करने के लिए अनेक नहीं, अपितु एक ही मार्ग है जो कि एक पूर्ण गुरु की शरण में आकर ही प्राप्त हो सकता है। आज बहुत से लोग भक्ति करते हैं पर उनके जीवन में सुख नहीं है, जबकि भक्ति से तो जीवन के सारे दुख दूर होते हैं, इसलिए कथा में भक्ति का सही रास्ता अपनाने पर जोर दिया गया। लोग अपने जीवन में संसार के सभी कार्यों के लिए समय निकाल लेते हैं, लेकिन ईश्वर दर्शन हेतु उस तत्वज्ञान को खोजने और वास्तविक भक्ति को प्राप्त करने के लिए कुछ विरला ही प्रयास करते हैं।उन्होंने आगे कहा कि संतों के द्वारा दिए गए विचारों से एक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। इतने अनमोल मानुष तन को पाकर भी अगर जीवन में भक्ति को नहीं अपनाया तो मनुष्य जीवन को सफल नहीं बनाया जा सकता। इसलिए आवश्यकता है पूर्ण गुरु के सानिध्य में आकर ईश्वर साक्षात्कार कर भक्ति को जीवन में लाने की। अनेकानेक भक्त श्रद्धालु इन विचारों को सुनकर लाभान्वित हुए। अंत में प्रभु की पावन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। ईश्वर को पाने के इच्छुक एवं जिज्ञासु भक्तों ने इस हरि कथा से अपनी संतुष्टि व्यक्त की। 01 मई, 2024 को इस कथा का अंतिम दिवस है।




# चुनाव आयोग से क्या अनुरोध,मतदान न करने वालों पर सजा का हो प्रावधान : प्रदीप चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने दूसरे चरण में उम्मीद और प्रयास से भी कम मतदान होने के उठते सवालों का जवाब देते हुए बताया कि मतदान कम हुआ है तो इसके कारण एक नहीं अनेक हैं। जिनमें से प्रमुख कारण एक घर परिवार एक डोर नम्बर के वोट 2 या दो से अधिक मतदान केंद्रों पर यानी अन्य अन्य बूथों पर होना। बीएलओ का पर्ची वितरण में उदासीन रवैया का रहना। इतना ही नहीं कम मतदान होने में अहम रोल चुनाव आयोग द्वारा बड़ी चूक का रहना कि उन्होने दिल्ली में छुट्टी घोषित नहीं कराई जिसकी वजह से यहां का काफी आदमी दिल्ली जॉब अथवा व्यापार के लिए निकल गया।

उन्होने एक मशविरा देते हुए यह भी कहा आगे मतदान प्रतिशत की कमियों को गिनना न पड़े इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा मतदान न करने वाले नागरिको के लिए भय रूपी दण्ड का ठोस प्रावधान होना चाहिए। जैसे अगले चुनाव तक वोट न डालने वाले को सरकारी सुविधाओं से वंचित रखा जाए, वोट डालने के प्रमाण के लिए मतदाता सूची में अंकित एक घर के सभी सदस्यों का मतदान का निशान दिखाते हुए फोटो स्वयं खिंचवाकर मतदाता बीएलओ को सूची के अनुसार ही पुष्टि कराई जाय। जिस भी घर में मतदान न करने वालों की पुष्टि मिले उनका डाटा तैयार करके कार्यवाही के लिए चिन्हित किया जाना चाहिए।



# घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग

गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र के अवंतिका शास्त्रीनगर में शुभांगी राज शर्मा के घर के बाहर खड़ी उनकी कार में सोमवार को अचानक आग लग गई। उन्होंने व आसपास के लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाया।

शुभांगी के भाई लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि आग लगने पर उनकी बहन ने उन्हें भी कॉल किया। वह मौके पर पहुंचे। लोगों ने दमकल विभाग को कॉल करने का काफी प्रयास किया लेकिन कॉल नहीं लगी। ऐसे में लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर खुद ही आग पर काबू पाया। उनका कहना है कि आशंका है कि तकनीकी समस्या के कारण शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी है।

**मुलाकात** | डीडीपीएस स्कूल ने जिला प्रशासन के आदेश की उड़ाई धज्जियां , बच्चो को नही जाने दिया स्कूल के गेट के अंदर

# पेरेंट्स एसोसिएशन ने डीडीपीएस स्कूल पर एफआईआर कराने के लिए एसीपी से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पेरेंट्स एसोसिएशन ने देहरादून पब्लिक स्कूल द्वारा जिला प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ा बच्चो को दूसरी ब्रांच मधुबन बापूधाम भेजने के निर्णय पर अड़े रहने एवम आज बच्चो को स्कूल के गेट के अंदर नही जाने को लेकर अपर जिला अधिकारी नगर गंभीर सिंह के निर्देश पर कवि नगर थाने के एसीपी से स्कूल पर एफआईआर करने के लिए पेरेंट्स के साथ मुलाकात की एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने जीपीए और पेरेंट्स के साथ मीटिंग कर कहा कि हम आज दोपहर बाद स्कूल प्रशासन को बुलाकर वार्ता करेंगे और अगर स्कूल प्रबंधन हमारी बात नहीं मानता है तो हम उच्चाधिकारियों से वार्ता कर स्कूल पर कानूनी कार्यवाई करेंगे वही पेरेंट्स ने कहा है की अगर स्कूल जबरदस्ती हमारे बच्चो को दूसरी ब्रांच में भेजेगा तो हम स्कूल के बाहर धरने पर बैठने को मजबूर होगे जीपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने पूरे प्रकरण के बारे में कहा कि

अभिभावकों ने अपने बच्चो का दाखिला डीडीपीएस स्कूल,सेक्टर 23, संजय नगर में कराया था लेकिन स्कूल प्रबंधन अब स्कूल में निर्माण की बात कह अपनी दूसरी ब्रांच जो संजय नगर ब्रांच से लगभग 5 किलोमीटर दूर है, में भेज रहा है। जबकि दाखिले के समय भी यह जानकारी अभिभावकों को नही दी गई अपने बच्चो को दूसरी ब्रांच में नही भेजने को लेकर 10 अप्रैल 2024 एवम 12 अप्रैल 2024 को स्कूल प्रबंधन एवम प्रधानाचार्य से एसएचओ एवम सेक्टर 23 चौकी इंचार्ज के प्रयासों के बाद वार्ता आयोजित की गई जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को स्कूल के लेटर हेड पर लिखित में दिया गया की किसी भी पेरेंट्स के बच्चो को दूसरी ब्रांच में नही भेजा जायेगा लेकिन जैसे ही चुनाव सम्पूर्ण हुए स्कूल ने एक बार फिर अपने लिखित वादे से मुकरते हुऐ अपनी दूसरी ब्रांच में विद्यार्थियों को भेजने के लिए अभिभावकों के घर स्कूल स्टाफ को भेजकर अभिभावकों और बच्चो पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है साथ ही अभिभावकों को धमकी दी जा रही है की स्कूल प्रबंधन पेरेंट्स के खिलाफ ऋक्ष्क करवाएगा । स्कूल प्रबंधन द्वारा पेरेंट्स पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत हमारे बच्चो को दूसरी ब्रांच में भेजने के लिए बस रूट निर्धारित कर मैसेज भी भेजे जा रहे है । स्कूल प्रबंधन पुलिस प्रशासन के समक्ष दिए गए लिखित पत्र से मुकर कर अभिभावकों और बच्चो का मानसिक उत्पीड़न कर भयभीत किया जा रहा हैं अभिभावकों का कहना है की वो किसी भी दशा में अपने बच्चो को दूसरी ब्रांच नहीं भेजेंगे उनके बच्चों का दाखिला सेक्टर - 23 की ब्रांच में हुआ है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए जिला प्रशासन , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और एसीपी से अनुरोध किया है की स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस प्रशासन के समक्ष दिए गए पत्र एवम जिलाधिकारी , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश की अवेहलना करने एवम अभिभावक एवम बच्चो का मानसिक शोषण करने पर एफआईआर दर्ज करने की सख्त कार्यवाई सुनिश्चित की जाए साथ ही स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया जाए की वो किसी भी बच्चे को दूसरी ब्रांच में भेजने का अनावश्यक दबाव न बनाए इस मौके पर अनिल सिंह , धर्मेंद्र यादव,संजय पंडित , जसवीर रावत पार्षद अजय शर्मा , कौशलेंद्र सिंह , सेवा राम त्यागी , नीलम , सोनिया , चित्रा, शालू , अनामिका , नीतीश , अमित कुमार , आदेश त्यागी , राहुल , प्रियांग , आदि मौजूद रहेसौजन्य से गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन






# दीपिका चुग सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव बनी, दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हापुड़ शहर के मोहल्ला कलेक्टर गंज निवासी दीपिका चुग का समाजवादी पार्टी महिला सभा में प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसकी जानकारी मिलने पर महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। नव नियुक्त सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव दीपिका चुग ने कहा कि संगठन ने उन्हें जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है,वह उसका पूर्ण इमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगी। सपा महिला सभा की नव नियुक्त प्रदेश सचिव दीपिका चुग को जिलाध्यक्ष आनन्द गुर्जर,श्याम सुन्दर भुर्जी,पुरुषोत्तम वर्मा एड.सीमा तनेजा,मुन्नी यादव,रेशमा यादव, रूबी, सीमा सागर,



अनीता, सुनीता, कल्पना,अंजुम आदि ने बधाई दी है।

सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर व सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से कहा कि सपा ने हमेशा महिला का सम्मान का किया है। संगठन में विभिन्न पदों पर महिला कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। महिलाओं का सम्मान केवल समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है।

# आचार संहिता में सात करोड़ से अधिक जब्त की गई राशि

**गाजियाबाद ।** आचार संहिता लगने के बाद नकदी, सोना, चांदी और शराब की जब्ती की गई थी। विभिन्न एजेंसियों को मिलाकर लगभग साढ़े सात करोड़ की नकदी, सोना-चांदी और शराब जब्त किया गया था। उसमें से अभी तक सिर्फ तीन लाख की नकदी ही वापस हुई है। नकदी, सोने - चांदी की वापसी के लिए पांच आवेदन मिले हैं। शिकायत निवारण कमेटी के सामने यह प्रकरण रखे जाएंगे। समुचित साक्ष्य देखने के बाद इनकी वापसी होगी।



आचार संहिता के दौरान उड़नदस्ता, एसएसटी, पुलिस, आयकर विभाग, एक्साइज सहित 25 एजेंसियों की कार्रवाई में जिले में साढ़े सात करोड़ की नकदी, शराब और सोना-चांदी पकड़ा गया है। इसमें से एफएसटी और एसएसटी की टीम ने 60 लाख नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा आयकर विभाग, एक्साइज और अन्य विभागों ने शराब अन्य नशे की सामग्री और सोना-चांदी और कीमती धातु पकड़े हैं। मतदान के दिन भी शालीमार गार्डन क्षेत्र में 22 लाख 50 हजार की नकदी पकड़ी गई। नोडल अधिकारी एडीएम एफ सौरभ भट्ट ने बताया कि 10 लाख से अधिक के रुपये और सामान आयकर विभाग के दायरे में आते हैं उनकी कार्रवाई वहां होगी। उससे कम की राशि कलेक्ट्रेट में बनी जिला शिकायत निवारण कमेटी अपने स्तर पर जांच करती है। वहीं, पांच आवेदन आए हैं जिनकी एक-दो दिनों में सुनवाई होगी। अभी तक अलीगढ़ के एक परिवार की तीन लाख नकदी वापस की गई है जो अपनी बेटी की शादी के लिए लेकर जा रहे थे।

नकदी : 4,06,23,870
शराब -70,42,158
ड्रग्स -1491142
मूल्यवान धातू-3,03,80,000
अन्य -1,89,000।

## शादीशुदा बरात लेकर पहुंचा मंडप, पहली पत्नी ने हंगामा कर दूल्हे को पहुंचाया थाने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** शादी के मंडप में एक युवती द्वारा किए गए हंगामे के बाद सोमवार को दुल्हन के पिता ने दूल्हे के खिलाफ 420 का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

आपको बता दें कि शहर के एक मोहल्ले से बारात शहर के ही दूसरे मोहल्ले में गई थी। जिस समय शादी की तैयारियों के साथ नाच- गाना चल रहा था। उसी समय अचानक से पास के ही जनपद की एक युवती ने पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर उपस्थित रिश्तेदारों द्वारा हंगामा कर रही युवती से जानकारी ली तो युवती ने बताया कि दूल्हे ने उससे कोर्ट मैरिज कर रखी है। जिसे सुनकर वहां मौजूद स्वजनों सहित सभी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई थी। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचीं पुलिस दूल्हे और हंगामा करने वाली लड़की को अपने साथ कोतवाली ले आई और मामले की जानकारी की।

इस मामले में कोतवाली प्रभारी अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दुल्हन के पिता की ओर से दुल्हे के खिलाफ तहरीर दी गई है, मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हीट वेव से बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते है: सीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि हीट वेव एक्शन प्लान का क्रियान्वयन अभियान चलाकर पूर्ण करें,हीट वेव से बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते है। हमें इन्हें अधिक बचाने की आवश्यकता हैं।

मंगलवार को विकास भवन के सभागार कक्ष में सीडीओ अभिषेक कुमार अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हीट वेव की कोई दवा नहीं होती इससे केवल रोकथाम के माध्यम से ही बचा जा सकता है इसके लिए पूरे शरीर को ढककर रखें, घर से खाली पेट ना निकले तथा अधिक से अधिक पेय पदार्थो का सेवन करे।

उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचने के लिए बचाव के उपाय का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने नगरपालिका तथा तहसील के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में हीट वेव बचाव संबंधी पोस्टर लगाकर जागरुक करें। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबंधित शैक्षिक अधिकारियों से स्कूलों तथा कॉलेज में



हीट वेव से बचाव संबंधी जागरूकता करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग सभी पंचायत भवनों पर हीट बेव से बचाव संबंधी पोस्ट चस्पा कर दें।

उन्होने सख्त निर्देश दिये की शहर के सभी पेयजल उपकरण जो चालू हालत में नहीं है,उन्हें यथाशीघ्र ठीक कर दिया जाए इसके साथ ही पेयजल उपकरणों के ठीक होने का प्रमाण पत्र पंचायत तथा नगर पालिकाएं उपलब्ध कराएंगे। अस्पतालों मे बनाये गये कोल्ड रुम की उपलब्धता टीम बनाकर सत्यापित करने के निर्देश दिए। जनपद में हीट वेव से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। सीडीओ ने कहा की हीट वेव से बचाव के लिए आशा वर्करों को ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार ने नगरपालिका के अधिकारियों से समस्त प्याऊ को ठीक करने के निर्देश दिए। आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि हीट बेव से सर्वाधिक प्रभावित वर्ग में 5 वर्ष से कम, 65 वर्ष से अधिक, गर्भवती तथा स्तनपान महिलाएं, किसान, निर्माण श्रमिक तथा तीर्थयात्री आते हैं इनको सबसे अधिक बचाने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चुनाव में जनता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के वादों पर मोहर लगाएगी: सैय्यद हिमायत अली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद। (सैय्यद मजहर)।** आने वाले 2024 के चुनावी नतीजो के उपरांत देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी ,जनता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की वादों पर कर रही है भरोसा ! उक्त विचार एक प्रेस वार्ता के दौरान औरंगाबाद के पूर्व चेयरमैन एवम सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे सैय्यद हिमायत अली ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि बीजेपी सरकार ने अपने किए हुए वादों का पूरा नहीं किया उनके झूठे वादों से जनता उकता गई है इसी कारण लोग अब इंडिया गठबंधन की ओर देख रहे हैं और आने वाला वक्त देश में एक नया परिवर्तन लाएगा। इस बात देश में इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। देश से बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे खत्म होंगे।



# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट स्टूडेंट्स स्क्रूटनी के लिए आवेदन करें: पीके

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम से असंतुष्टद छात्र-छात्राओं के लिए राहत देने वाली खबर है। वह स्क्रूटनी के लिए विभाग की वेबसाईट पर ऑन लाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की

- **आगामी 14 मई स्क्रूटनी के आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित**
- **जिले में 10 व 12वीं में 2905 स्टूडेंट्स अनुत्तीर्ण हुए**
- **वर्ष 2023 के यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले से 3775 स्टूडेंट्स अनुत्रीणहुए थे**

अंतिम तिथि आगामी 14 मई निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आपको बता कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गत 20 अप्रैल को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट



डीआईओएस पीके उपाध्याय

का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। जो परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा परिणाम से संतुष्टद नहीं है,वह स्क्रूटनी के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते है। जिसके लिए बोर्ड द्वारा अंतिम तिथि आगामी 14 मई निर्धारित की है। स्क्रूटनी शुल्क प्रति प्रश्न पत्र 500 रुपये निर्धारित की गयी है।

**क्या है स्क्रूटनी**

सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) के लिए आवेदन करने पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में छात्र-छात्रा की उत्तर पुस्तिका में प्राप्त अंकों का पुनःयोग किया जाता है,अंक मिलने से छूटे उत्तर पर अंक दिये जाते है।

**जिले में 2905 स्टूडेंट्स अनुत्तीर्ण हुए**

वर्ष 2024 के यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल में 1060 व इंटरमीडिएट में 1845 छात्र-छात्रा फेल हुए है। जबकि वर्ष 2023 की यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में दोनों कक्षाओं में 3775 स्टूडेंट्स अनुत्रीण हुए थे।

**सभी विषयों के लिए कर सकते है,स्क्रूटनी आवेदन**

10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम से असंतुष्टद छात्र-छात्राएं सभी विषयों व प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए भी स्क्रूटनी का आवेदन कर सकते है। जिसके लिए बोर्ड ने प्रति प्रश्न पत्र 500 रुपये दर निर्धारित की है।

**डीआईओएस का कहना**

जिला विद्यालय निरीक्षक पीके उपाध्याय ने बताया कि 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम से असंतुष्टद परीक्षार्थी आगामी 14 मई तक स्क्रूटनी(सन्निरीक्षा) के लिए विभाग की वेबसाईट पर ऑन लाइन आवेदन कर सकते है। इस सम्बंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल का निर्देशित किया गया पत्र भी उन्हें प्राप्त हो गया है।

# खबर हुआ असर: हापुड़ में खुला सरसों खरीद क्रय केन्द्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** बुलंद संदेश में छपी खबर का आखिर असर हो ही गया । जिसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने अब

- **सपनावत निवासी जागरूक किसान वीरेन्द्र शिशोदिया ने की थी मांग**
- **क्षेत्र के किसानों ने जताया हर्ष**

जिले में सरसों की सरकारी खरीद के लिए सरसों क्रय केंद्र शुरू कर दिया है। सरसों क्रय केंद्र खुल जाने से क्षेत्र सहित जनपद के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बतां दे सरसों खरीद का हापुड़ में सरकारी क्रय केंद्र खोले जाने की मांग को लेकर धौलाना के गांव सपनावत निवासी वीरेन्द्र शिशोदिया ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाई थी । उनकी इस



धौलाना क्षेत्र में भी लगे सरसों खरीद केंद्र: वीरेन्द्र शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना ( संजीव वशिष्ठ )। राष्ट्रीय योग गुरु व धर्म नगरी गांव सपनावत निवासी किसान वीरेन्द्र शिशोदिया ने सरकार से हापुड़ के धौलाना क्षेत्र में सरसों की खरीद के सरकारी क्रय केन्द्र लगवाने की

किसान वीरेन्द्र सिंह

मांग की है। वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया कि हापुड़ जनपद उत्तर प्रदेश का सरसों उत्पादन में प्रथम स्थान पर है सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है सरकारी क्रय केन्द्र न होने के कारण किसान बाजार में 4,800 से 5000 रुपए प्रति क्विंटल बेचना पड रहा है जिसमें किसानों को सीधे कई सौ रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है । वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ किसान हित को ध्यानार्थ रखते हुए जल्द ही इस और निर्णय ले । जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके ।

**सरसो खरीद केन्द्र की बुलन्द संदेश में छपी खबर**

आवाज को बुलन्द संदेश अखबार ने प्रमुखता से उठाया था ।

जिसके बाद हापुड़ के बुंलदशहर रोड पर पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र पर सरसों खरीद का सरकारी क्रय केन्द्र खुल गया है। सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है ।सरसो खरीद केन्द्र के प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि किसानों को सरसों को विक्रय करने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा जिसका केंद्र पर सरसों की खरीद का मूल्य 5550 रू है। जबकि खुले बाजार में व्यापारी किसान से 4800 रू में सरसों खरीद रहे है। किसान अब सरसों को ज्यादां मुनाफे में सरकारी क्रय केंद्र पर सरसों बेच सकते है। वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया कि जिले में अब सरसों का उत्पादन भी अच्छा होता है। इस केंद्र के खुल जाने से किसानों को अच्छा मुनाफा होगा ।

**मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट** | **प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद, अब 4 जून का बेसब्री से इंतजार**

# चाय व पान की दुकानों पर सजने लगी हार जीत की महफिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में स्ट्रांग रूम में रखा गया है। अब

- **मुस्लिम व दलित क्षेत्रों में मतदान अधिक होने से गठबंधन प्रत्याशी की स्थिति मजबूत**
- **भाजपा कार्यकर्ताओ का दावा भाजपा प्रत्याशी की स्थिति भी काफी मजबूत**

प्रत्याशियों कार्यकर्ताओ व समर्थकों का आगामी 4 जून का बेसब्री से इंतजार है। मेरठ हापुड़ लोकसभा सभा सीट पर हार जीत के लिए रोजाना चाय व पान की दुकानों पर महफिल सजने लगी है। मुस्लिम व दलित बाहुल्य क्षेत्रों में मतदान अधिक होने से गठबंधन प्रत्याशी की स्थिति मजबूत आंकी जा रही है। लेकिन मेरठ केन्ट विधान सभा क्षेत्र में वोटरों द्वारा भाजपा प्रत्याशी पक्ष में मतदान अधिक करने से उनकी स्थिति भी काफी मजबूत मानी जा रही है।






आपको बता दें, कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर पांचों विधान सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होने के बाद नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। जहां 24 घंटे सुरक्षा बल द्वारा सख्त पहरा दिया जा रहा है। एसपी व डीएम द्वारा भी स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया है।

मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र की किठौर विधान सभा क्षेत्र में 61.88 प्रतिशत,मेरठ केन्ट विधान सभा क्षेत्र में 55.75 प्रतिशत,मेरठ शहर विधान सभा क्षेत्र में 61.35 प्रतिशत,मेरठ दक्षिण विधान सभा क्षेत्र में 57.44 प्रतिशत व हापुड़ विधान सभा क्षेत्र में 59.71 प्रतिशत मतदान हुआ। मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र मेंकुल 58.94 प्रतिशम मतदान हुआ है। लोकसभा क्षेत्र में कुल 2000530 में से 1179121 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 821409 वोटर अपना सांसद चुनने के लिए अपने-अपने घरों से ही नहीं निकले।

लोकसभा चुनाव में मुस्लिम व दलित बाहुल्य क्षेत्रों में गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान होने से उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है। जबकि हिन्दु बाहुल्य मेरठ केन्ट विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान होने से उनकी स्थिति भाजपाईयों द्वारा काफी मजबूत मानते हुए विजयश्री का दावा भी कर रहे है। वहीं बसपा कार्यकर्ता भी अपने प्रत्याशी की स्थिति मजबूत होने का दावा करते नजर आ रहे है।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद से प्रतिदिन चाय व पान की दुकानों पर हार जीत की महफिल सज रही है। प्रत्याशियों के समर्थक व कार्यकर्ता लोगों को चुनावी गणित व जातीय समीकरण से अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे है। प्रत्याशी भी अपनी जीत की बात सुनकर काफी खुश नजर आ रहे है। अब जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा अभी कहना जल्दबाजी होगा,इसके लिए सभी को आगामी 4 जून तक इंतजार करना पड़ेगा।

# कवि श्रीकांत श्री को किया गया सम्मानित, आयोजित कवि सम्मेलन में कई कवियों ने किया काव्य पाठ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना तहसील के पिलखुवा में राष्ट्रीय कवि



संगम द्वारा एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में देहरादून, उत्तराखंड से आमंत्रित वीर रस की बड़ी कलम श्रीकांत श्री को 'कविवर कृष्ण मित्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। आयोजको के मुताबिक कृष्ण मित्र इस देश के ओज की धारा के बड़े सशक्त हस्ताक्षर रहे हैं, जिन्होंने 70 वर्षों तक हिंदी कविता के मंचों पर अपनी कविताओं से देशभक्ति की अलख जगाई।

कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं उनके सुपुत्र हिमांशु लव ने इस कवि सम्मेलन में कवि श्रीकांत श्री को शॉल ओढ़ाकर, एक स्मृति चिन्ह एवं 31000 की राशि से सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल , धौलाना विधायक धर्मेश तोमर , हिंदी अकादमी के उपसचिव ऋषि शर्मा , लज्जा रानी गर्ग, डा अर्जुन सिसोदिया, गुनवीर राणा, डा ऋचा सूद , समाजसेवी सुनील गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कवि-सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय युवा प्रेरणा कवि मोहित शौर्य द्वारा किया गया।

## सूचना

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235432594 के समस्त प्रमाणपत्र वास्तव में कही खो गए है।

मिष्टी सोम पुत्री धर्मेंद्र सोम। निवासी ग्राम ककराना थाना धौलाना जनपद हापुड़ ।

## सम्पादकीय

# सहज तौर पर तलाक दे/ले



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार न रख पाने वाले दंपति की शादी बंबई हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। अदालत के फैसले के अनुसार दंपति की हताशा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता तथा कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक व मानसिक वजह हो सकती है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। अपने फैसले में उच्च अदालत ने कहा कि शुरूआत में संबंध न बना पाने के लिए उसने अपनी पत्नी को दोषी को ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकारने में असमर्थ था कि वह दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ है। दोनों का विवाह मार्च 2023 में हुआ था, परंतु वे 17 दिन बाद ही अलग हो गए। मामले को फरवरी 2024 में परिवार अदालत ने खारिज कर दिया था। उसका कहना था कि मिली-भगत से तलाक की अर्जी दायर की गई है। पति नहीं चाहता था कि उस पर नपुंसकता का धब्बा लगे।

रिलेटिव इंपोटेंसी में कोई शख्स किसी विशेष के साथ दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ हो जाता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न है। यह फैसला तलाक की अर्जी लगाने वाले ढेरों दंपतियों के लिए सुकून की सांस लेन वाला साबित हो सकता है।

अपने समाज में अभी भी शादियां टूटने के मामले औसतन बहुत कम हैं। उस पर इस तरह के गोपन आरोप लगाने वाले अपनी सामाजिक तौहीन को लेकर बहुत भावुक हो जाते हैं। ज्यादातर मामलों में उन्हें अपनी चूक या अक्षमता को पचा पाने का नैतिक साहस नहीं होता है।

चूंकि अभी भी अमूमन शादियां परिवारों द्वारा निश्चित की जाती हैं, ऐसे में दंपति में सामंजस्य न बैठ पाना, गैरमामूली नहीं कहा जा सकता। हालांकि यदि पति को ऐसा कोई संदेह पहले था तो उसे चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेनी चाहिए। विचारणीय बात तो यह भी है कि जब दोनों आपसी सहमति से विवाह के कायम न रखने को राजी हैं।

अगर उनके दरम्यान कोई मतभेद नहीं हैं तो संबंध विच्छेद के मध्य किसी को आने की आवश्यकता नहीं रह जाती। पौरुषहीनता का आरोप जड़ कर संबंध विच्छेद करना, उसकी समूची शख्सियत को छलनी करने सरीखा है। उसे मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक रूप से निर्वस्त्र करने से बेहतर है, सहज तौर पर तलाक दे/ले लिया जाए।

## आज का विचार

बेगुनाह कोई नहीं है इस दुनिया में...
~राज सबके होते हैं~
किसी के छुप जाते हैं,
किसी के छप जाते हैं!

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष : आज के दौर में ट्रेड यूनियन आंदोलन और चुनौतियां



संजय पराते

आजादी के आंदोलन में ट्रेड यूनियनों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है वैसे तो वर्ष 1920 में आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की स्थापना के साथ हमारे देश में संगठित ट्रेड यूनियन आंदोलन की शुरूआत मानी जा सकती है, लेकिन इससे पहले 1908 की जुलाई में बाल गंगाधर तिलक को राजद्रोह के मुकदमे में 6 साल की सजा सुनाये जाने के बाद बंबई के चार लाख मजदूरों ने 6 दिनों की ऐतिहासिक हड़ताल करके आजादी के आंदोलन में सड़कों पर उतरने का ऐलान कर दिया थो यह मजदूर वर्ग की पहली राजनैतिक लड़ाई थी, जिसने उपनिवेशवादी शोषण और आर्थिक बदहाली के खिलाफ आम जनता के असंतोष को अभिव्यक्त कियो 1936 में किसान सभा की स्थापना के साथ साम्राज्यवाद के खिलाफ मजदूर-किसान एकता की वर्गीय भावना तेज हुई 1946 में नौसेना का विद्रोह, जिसमें एक साथ कांगेस, मुस्लिम लीग और कम्युनिस्ट पार्टी के झंडे फहराए गए थे, इसकी चरम अभिव्यक्ति थी, क्योंकि हर वर्दी के नीचे एक किसान छुपा हुआ थो इस विद्रोह ने देश से अंग्रेजों की विदाई को अंतिम रूप दे दिया।

आजादी के बाद ट्रेड यूनियनों की भूमिका देश के नव-निर्माण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गई हालांकि ट्रेड यूनियनें बनती हैं मजदूरों की आर्थिक समस्याओं को केंद्र में रखकर, लेकिन हमारे देश में ट्रेड यूनियनों की भूमिका सामूहिक सौदेबाजी की ताकत पर मजदूरों के केवल वेतन-भत्तों/मजदूरी बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि उसे व्यापक राजनैतिक सवालों से भी जूझना पड़ा है इस ट्रेड यूनियन आंदोलन ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का समर्थन किया, तो आपातकाल के खिलाफ भी उसे जूझना पड़ो महंगाई और बेरोजगारी के सवाल को उसने हमेशा केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों से जोड़कर देखो मजदूर वर्ग की व्यापक एकता बनाए रखने के लिए उसे सांप्रदायिक-उन्मादी ताकतों से भी लड़ना पड़ा है वह वैश्वीकरण-उदारीकरण और निजीकरण की नीतियों से पैदा हो रहे संकट के खिलाफ संघर्ष करने के प्रति भी सचेत है और इन नीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए व्यापक मजदूर-किसान एकता का निर्माण करने की जरूरत को भी शिद्दत से महसूस कर रहा है वह समझ रहा है कि इस एकता के बल पर ही आम जनता के लोकतांत्रिक आंदोलनों का निर्माण किया जा सकता है इस प्रकार, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद भी ट्रेड यूनियनों की भूमिका केवल मजदूरी बढ़ाने जैसे आर्थिक मुद्दों तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि हमारी मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने, समूचे समाज को संस्कारित करने और लोकतंत्र को बचाने-बढ़ाने और उसे मजबूत करने की रही है। लेकिन यूरोप के ट्रेड यूनियन आंदोलन और हमारे देश के ट्रेड यूनियन आंदोलन में एक बुनियादी अंतर है यूरोपीयन समाज सामंतवाद की राख से पैदा हुआ पूंजीवादी समाज है हमारे देश में सामंती समाज को ध्वस्त करके पूंजीवाद की स्थापना नहीं हुई है, बल्कि पूंजीवाद को सामंतवाद पर रोपा गया है इसलिए यूरोप के पूंजीवाद ने भूमि के जिन सामंती संबंधों को बेहिचक नष्ट किया, भारत में ये संबंध बने रहे यह पूंजीवाद का सामंतवाद के साथ गठजोड़ था, जिसके कारण पूंजीवादी संविधान के बुनियादी लोकतांत्रिक-धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के प्रति हमारे देश का शासक वर्ग और सत्ताधारी पार्टियां कभी ईमानदार नहीं रही नतीजन, धर्म-जाति-भाषा-क्षेत्र के आधार पर सामंती




मूल्यों को बढ़ावा मिला, वैज्ञानिक सोच को दरकिनार करके अंधविश्वास और पोंगापंथ को पाला-पोसा गया, धर्मनिरपेक्षता पर सांप्रदायिक राजनीति को हावी होने दिया गया और धनबल और पहचान की राजनीति केंद्र में लाई गई यह सब काम सुनियोजित तरीके से किया गया, ताकि पूंजीपतियों के मुनाफे पर कोई आंच न आने पाए और पूंजी के खिलाफ विकसित हो रहे संघर्ष को हर स्तर पर कमजोर किया जा सके इस प्रक्रिया का हमारे समाज पर काफी बुरा प्रभाव पड़ो जनवादी-प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष ताकतें कमजोर हुई और इसका उतना ही बुरा असर हमारे देश के ट्रेड यूनियन आंदोलन पर भी पड़ा, क्योंकि सार रूप में ट्रेड यूनियनें हमारे समाज और सामाजिक संगठन का ही एक हिस्सा है परंपरागत वामपंथी ट्रेड यूनियनें कमजोर हुई हैं वामपंथी ट्रेड यूनियनों के कमजोर होने का अर्थ है, मजदूरों की वर्गीय एकता का कमजोर पड़नो अब धर्म और जाति के आधार पर काम करने वाली ट्रेड यूनियनों का भी उदय हुओ ये ऐसी ट्रेड यूनियनें हैं, जो मजदूरों को एक 'वर्ग' के रूप में संगठित होने और उनमें मजदूरवर्गीय एकता की भावना विकसित होने से रोकती हैं। नवउदारीकरण के दौर ने समूचे परिदृश्य को बदल दिया है और ट्रेड यूनियनों के सामने नई चुनौतियां पेश हुई हैं मुनाफे अधिकतम करने की कोशिश में वित्तीय पूंजी और ज्यादा खूंखार और आक्रामक हुई है और आदिम संचय की प्रक्रिया ने परजीवी पूंजीवाद को जन्म दिया है इस तरह लोकतंत्र, वैज्ञानिक चेतना और एक विकसित व सभ्य समाज के निर्माण के काम को पूंजीवाद ने त्याग दिया है पूंजीवादी लोकतंत्र ने आम जनता और विशेषकर मजदूर वर्ग को जो अधिकार दिए हैं, उसे छीनने की प्रक्रिया तेज हो गई है और समूचे मजदूर वर्ग को बंधुआ दासता के युग में ढकेलने की कोशिश हो रही है इसी का परिणाम है : श्रम कानूनों का निरस्तीकरण और श्रम संहिताओं को उन पर थोपा जानो इस पूंजी ने वैचारिक वर्चस्व कायम करने के लिए मीडिया सहित अपने सारे संसाधनों को झोंक दिया है जो कुछ आज तक संघर्षों से हासिल हुआ है, उसे बचाने की लड़ाई आज ट्रेड यूनियनों की मुख्य चिंता बन गई है। आज ट्रेड यूनियन आंदोलन का जोर चार श्रम संहिताओं की वापसी और पुराने श्रम कानूनों की बहाली पर है ; क्योंकि जो हासिल है, उसे बचाकर ही, और जो खो गया है, उसे फिर से पाकर ही आप आगे की लड़ाई लड़ सकते हैं। उदारीकरण के इन तीन-चार दशकों में भारत को विश्व अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ा गया है इससे उच्चतर वर्ग खुशहाल हुआ है तथा उनकी आय और क्रय-शक्ति बढ़ी है वही दूसरी ओर, मेहनतकश वर्ग का शोषण और तेज हुआ है और वे जिंदा रहने लायक मजदूरी भी नहीं कमा पा रहे हैं। संगठित क्षेत्र में रोजगार घटा है और असंगठित क्षेत्र में मजदूरों की संख्या कुल श्रम-शक्ति का 93% तक पहुंच गई है स्थायी नियमित मजदूरों की जगह ठेका मजदूर ले रहे हैं, जो सेवा अवधि और सामाजिक सुरक्षा के लाभ से वंचित होकर घोर दरिद्रता का जीवन जी रहे हैं संगठित क्षेत्र के विनिर्माण उद्योग में 1980 के दशक में यदि 100 रुपए का सामान तैयार किया जाता था, तो इसमें मजदूरी का हिस्सा 30 रुपए होता था, जबकि कच्चे माल की लागत 50 रुपए होती थी और पूंजीपति को मुनाफा 20 रुपए होता थो पिछले 40-45 सालों में यह स्थिति उलट गई है आज मजदूरी का हिस्सा घटकर 10 रुपए से भी कम रह गया है और पूंजीपति का मुनाफा बढ़कर 60 रुपए से अधिक हो गया है यह मेहनतकशों के बढ़ते शोषण को ही दिखाता है। इसका नतीजा है कि आज गरीब तबका बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बनाने में असमर्थ हैं। बेरोजगारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है और आज पिछले 50 सालों के सर्वोच्च स्तर पर है सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण बेरोजगारी दर 7.44% है, जबकि शहरी बेरोजगारी दर 10.09% (दिसंबर 2022 की स्थिति में) है।

## सट्टेबाजों ने आईपीएल सट्टा ऑनलाइन 2024 की शुरूआत

भारत का ऑनलाइन खेल सट्टेबाजी बाजार 2024 में ?160 बिलियन से अधिक तक पहुंचने का अनुमान है, जिसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा ऑनलाइन आईपीएल सट्टा के कारण है। हर साल, अधिक से अधिक सट्टेबाज इसमें शामिल हो रहे हैं, युवा साइन अप करके और खेल सट्टेबाजी के इस रूप के रोमांच का अनुभव करने के लिए सर्वोत्तम प्लेटफार्मों की तलाश कर रहे हैं। सट्टेबाजो ने कुछ युवाओं को तो बिल्कुल बर्बाद कर दिया है




बेहतरीन ऐप्स बता कर इस एप्लीकेशन का चयन करने के लिए किया जाता है। जिनका उपयोग भारत में कोई भी सट्टेबाज कर सकते हैं। एक बार जब आप अपनी पसंदीदा पसंद पर निर्णय ले लेते हैं, तो उनके साथ साइन अप करने और उनके साइन-अप बोनस ऑफर का लाभ उठाने के लालच मे पैसा बर्बाद करते है। गुमराह करने वाले लोगो की कमी नहीं है चाहे वह पुलिस हो या आमजन उनका कहना है की गवर्नमेंट एप्लीकेशन को आज्ञा देती है, जब की यह बिल्कुल सारा सर मिथ्या झूठ है।

-रविंद्र आर्य

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# गर्मियों में ट्रैवल कर रहे हैं तो ऐसे तैयार रहें, कंफर्टेबल के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखेंगी

गर्मी के महीनों के दौरान यात्रा करना रोमांच और विश्राम के अनंत अवसर प्रदान करता है। चाहे आप समुद्र तट पर छुट्टी, लंबी पैदल यात्रा या शहर की खोज की योजना बना रहे हों, अपनी यात्रा के दौरान आराम और शैली दोनों सुनिश्चित करने के लिए समझदारी से पैक करना आवश्यक है।

**1. हल्के कपड़ों के विकल्प**

जब गर्मियों की यात्रा की बात आती है, तो हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े आपके सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। गर्म मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने के लिए सूती, लिनन या नमी सोखने वाले सिंथेटिक्स जैसी सामग्री से बने कपड़े चुनें।

**2. बहुमुखी पोशाक विकल्प**

ऐसे बहुमुखी टुकड़े पैक करें जो बिना अधिक पैकिंग के अलग-अलग लुक देने के लिए आसानी से मिश्रित और मेल खा सकें। सुंड्रेसेस, शॉर्ट्स, टैंक टॉप और हल्की परतों जैसी वस्तुओं को पैक करने पर विचार करें जिन्हें तापमान बदलने पर परतदार या हटाया जा सकता है।

**3. धूप से सुरक्षा अनिवार्य**

गर्मियों की यात्रा के दौरान अपनी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाना महत्वपूर्ण है। अपने आप को यूवी विकिरण से बचाने के लिए उच्च एसपीएफ वाला सनस्क्रीन, धूप का चश्मा, चौड़ी किनारी वाली टोपी और यूपीएफ सुरक्षा वाले हल्के कपड़े पैक करना सुनिश्चित करें।

**4. आरामदायक जूते**

आपके द्वारा नियोजित गतिविधियों के लिए उपयुक्त आरामदायक जूते चुनें। पैदल भ्रमण और शहरों की खोज के लिए, गद्देदार तलवों वाले सहायक स्नीकर्स या सैंडल चुनें। यदि आप समुद्र तट या पूल पर समय बिता रहे हैं, तो वाटरप्रूफ फ्लिप-फ्लॉप या पानी के जूते पैक करें।

**5. पोर्टेबल हाइड्रेशन समाधान**

हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है, खासकर गर्म मौसम में। यात्रा के दौरान हाइड्रेटेड रहने के लिए एक रिफिल करने योग्य पानी की बोतल लाएँ, और बाहरी गतिविधियों के दौरान खोए पोषक तत्वों की भरपाई के लिए इलेक्ट्रोलाइट टैबलेट या पाउडर पैक करने पर विचार करें।

**6. कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण**

अपने आराम और सुविधा को बढ़ाने वाले कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण पैक करके अपने सामान में जगह को अधिकतम करें। एक यात्रा के आकार का छाता, बहुमुखी स्टाइल के लिए एक हल्का स्कार्फ, आपके उपकरणों के लिए एक पोर्टेबल चार्जर और लंबी यात्राओं के लिए एक यात्रा तकिया जैसी चीजें एक बड़ा अंतर ला सकती हैं।



**7. प्रैक्टिकल डेपैक या टोटे**

दैनिक सैर के दौरान अपने आवश्यक सामान ले जाने के लिए एक हल्का डेपैक या टोट आवश्यक है। ऐसे पैक की तलाश करें जो पहनने में आरामदायक हो और जिसमें व्यवस्थित करने के लिए पर्याप्त जेबें हों। बोनस अंक यदि यह उपयोग में न होने पर आसान भंडारण के लिए फोल्डेबल हो।

**8. यात्रा-अनुकूल प्रसाधन सामग्री**

जगह और वजन बचाने के लिए अपने टॉयलेट्री बैग को यात्रा-आकार की आवश्यक वस्तुओं से व्यवस्थित करें। यात्रा के आकार के शैंपू, कंडीशनर, बॉडी वॉश और फेशियल क्लीन्ज? जैसे आइटम पैक करें, साथ ही यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन और कीट विकर्षक की छोटी बोतलें भी पैक करें।

**9. स्टाइलिश एक्सेसरीज**

स्टाइलिश एक्सेसरीज के साथ अपनी ग्रीष्मकालीन यात्रा अलमारी को उन्नत करें जो आपके आउटफिट में आकर्षण जोड़ती हैं। स्टेटमेंट ज्वेलरी, एक हल्का स्कार्फ या सारंग, एक चौड़ी किनारी वाली स्ट्रॉ टोपी और एक बहुमुखी क्रॉसबॉडी बैग पैक करने पर विचार करें जो आपकी शैली को पूरक करता है।

**10. हल्के बाहरी वस्त्र**

जबकि गर्मियों का तापमान आम तौर पर गर्म होता है, ठंडी शामों या अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन के लिए हल्के जैकेट या स्वेटर पैक करना बुद्धिमानी है। ऐसा पैक करने योग्य विकल्प चुनें जो आपके सामान में ज्यादा जगह न ले, लेकिन जरूरत पड? पर पर्याप्त गर्माहट प्रदान करे। रणनीतिक रूप से पैकिंग करके और आराम और शैली को प्राथमिकता देकर, आप एक यादगार और सुखद ग्रीष्मकालीन यात्रा अनुभव सुनिश्चित कर सकते हैं। अपने सामान में इन आवश्यक वस्तुओं के साथ, आप सर्वश्रेष्ठ दिखने और महसूस करने के साथ-साथ आपके रास्ते में आने वाले किसी भी रोमांच के लिए तैयार रहेंगे।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — सरकारी क्षेत्र से जुड़ा, जनसेवा कार्य, ट्रैवल कार्य उत्तम चलेगा। वैवाहिक जीवन में स्त्री प्रताड़ित हो सकती है, विदेश में कागजात संबंधी समस्या आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-56

**वृषभ** — नौकरी, लोन, ट्रांसफर सम्बन्धित समस्या हल हो सकती है, विवाह जल्दी सम्भव है, लोगों से मानसिकता मिलाने में समस्या होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**मिथुन** — आपकी प्रतिभा को मौका मिलने में समय लगेगा, नए ससुराल पक्ष से विवाद सम्भव है, घर में धार्मिक कार्य हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-52

**कर्क** — घर में सकारत्मक माहौल रहेगा, आर्थिक उन्नति भी होगी, मकान दुकान की डील हो सकती है, शिक्षा में रुकावट दूर होगी आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-79

**सिंह** — तीर्थ स्थान के दर्शन कर सकते है, काम में चल रहीं अटकलें शांति से सुलझाए, पत्नी गर्भवती है तो आपरेशन से पुत्र संतान की प्राप्ति सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-68

**कन्या** — दूर शहर में जॉब लग सकती है, उन्हीं चीजों पर कार्य करे जो सम्भाल सके, विचारो में परिवर्तन अनुभव होंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**तुला** — अपने जीवन के प्रति असुरक्षा रहेगी, जल्दी कार्य करना चाहेंगे,मित्रों के साथ सिनेमा जा सकते है, नए वस्त्र या गेजेट खरीद सकते है। भाग्य प्रतिशत-57

**वृश्चिक** — जीवन में नए व्यक्ति का आना होगा, किसी कार्य से प्रसिद्धी बढ़ेगी। सरकारी कार्य में परिश्रम बढ़ेगा, धन की कमी दूर होगी। भाग्य प्रतिशत-75

**धनु** — लोगों से मिलना जुलना बढ़ेगा, पार्टी आदि में जाना होगा, इ-कॉमर्स, ट्रांसपोर्ट, डिलिवरी कार्य में सफलता मिलेगी, नया काम भी मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**मकर** — तनाव को कम करने का प्रयास करे, विमान सेवा, मल्टीप्लेक्स, एमएनसी, रेस्टोरेंट में जॉब मिल सकती है, विवाह में देरी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** — प्रॉपर्टी के मसले परेशान करेंगे, परिवार में तनाव को बैलेन्स करे। पेकिंग मटीरियल, गिफ्ट शॉप, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफी कार्य में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-64

**मीन** — कोई नई जमीन फ्लेट ले सकते है,विवाह की बात जोर पकड़ेगी, बड़ी महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है। सरकारी नौकरी लगने के करीब होगी। भाग्य प्रतिशत-70



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कहानी-तलाश



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई

मालिनी जी अपने तीन बेटे व बहू के साथ मुंबई में रहती हैं । उनके पति रमन जी को गुजरे हुए 1 साल होने वाला है । रमन जी बहुत ही धनी व्यक्ति थे मुंबई में उनका खुद का बड़ा सा फ्लैट था, जिसमें वह सपरिवार रहते थे । इसके अतिरिक्त उनका व्यापार भी बहुत अच्छा चल रहा था, परंतु दिल का दौड़ा पड़ने की वजह से उनका अकस्मात देहांत हो गया ।

रमन जी बहुत ही प्रैक्टिकल व्यक्ति थे वह भावनाओं को जीवन में महत्व देते थे, पर यथार्थ में जो सत्य है उसको कभी अनदेखा नहीं करते थे । मालिनी जी बहुत ही भोली थी वह बस अपने परिवार में ही खोई रहती, कभी किसी भी बहू बेटे से उनका कोई भी तर्क-वितर्क कभी नहीं हुआ था । सब कुछ बहुत अच्छे से चल रहा था । मालिनी जी को रमन जी के जाने का दुःख होता था, पर वह परिवार जनों को देखकर अपने मन को थोड़ा संभाल लेती थी, पोते-पोतियों को देखकर ही रमन जी को उनमें याद कर लेती थी । पर एक दिन अचानक उनको रमन जी की बताई हुई एक बात याद आ गई और वह अपने कमरे में सुबह से कुछ तलाश करने लगी । सभी ने पूछा आप क्या ढूंढ रहे हो मां, मालिनी जी ने हंसकर टाल दिया," कुछ नहीं थोड़ा पुरानी चीजों को संभाल रही हूं और कमरा व्यवस्थित कर रही हूं ।" दो दिन पहले की ही बात है मालिनी जी अपने कमरे में आराम कर रही थी, दोपहर का समय था और रविवार का दिन था । तभी उन्हें हॉल में से कुछ आवाज सुनाई दी, मालिनी जी देखने के लिए अपने बिस्तर से उठी, उन्होंने चश्मा लगाया, वह कमरे के बाहर जाने ही वाली थी कि उनके कानों में यह शब्द पड़े, उनके बहू बेटे किसी वकील के साथ बात कर रहे हैं कि पापा को एक वर्ष हो जाएगा तब हमारे समक्ष उनकी वसीयत आएगी फिर हम सब धन, सम्पत्ति का बंटवारा कर, घर बेचकर सब अलग-अलग हो जाना चाहते हैं और मां को भी उनकी बहन के यहां भेज देंगे जो हमारे गांव में अकेली रहती है ।

मालिनी जी के कदम वहीं रुक गए आंखों से पानी झर झर बहने लगा, रमन जी के नहीं होने का एहसास आज उन्हें अंदर से छलनी कर रहा था । वह रमन जी के चले जाने पर जितना दुःखी थी, उससे कई गुना ज्यादा दुःख उन्हें आज अपने बच्चों के इन शब्दों को सुनकर लगा था ।

रमन जी मालिनी जी से अक्सर कहते थे, देखो मालिनी ! "बच्चे हमारी पूंजी है लेकिन समय या परिस्थिति बदलने पर उनकी प्राथमिकताएं बदल सकती हैं, हमारे पास जो भी धन-धान्य संपदा है उस पर पहला हक तुम्हारा है मालिनी ! मुझे नहीं पता मैं तुम्हारे साथ अंत तक रहूंगा या चला जाऊंगा लेकिन मैंने मेरे कई दोस्तों को जीवन के इस पड़ाव में प्रताड़ित होते देखा है और जमाना थोड़ा बदल गया है मालिनी, हमें केवल बच्चों के बारे में नहीं अपने बारे में भी थोड़ा सोचना चाहिए।" मैं तुम्हें कहता भी हूं कि दिनभर इसी माया में उलझी रहती हो तुम्हें जो भी अच्छा लगता है तुम वो करो लेकिन मालिनी तुम कुछ ना कुछ बहाना देकर टाल देती हो, मैं क्या करूंगी ? मैं इस उम्र में अब क्या सीखूंगी ? रमन जी के कहे गए इन शब्दों की उपियोगिता का एहसास आज मालिनी जी को हो रहा था। वे बार-बार रमन जी को याद कर बस खामोश हो अंदर ही अंदर रोए जा रही थी ।

रमन जी ने दो वसीयत बनाकर मालिनी जी के पास रखी थी । एक में सब कुछ मालिनी जी के नाम था और दूसरी वसीयत में कुछ प्रतिशत मालिनी जी के हिस्से और बाकी सब बच्चों के नाम था । रमन जी ने इसका किसी से भी ज़िक्र करने को मालिनी जी को मना किया था और वादा भी लिया था । रमन जी ने बहुत वर्षों पहले ही अपने तजुर्बे के आधार पर अपने वकील से यह वसीयत तैयार करवा ली थी, लेकिन बच्चों को इसके बारे में पता नहीं था । रमन जी ने कहा था, "मालिनी मैं रहूं या ना रहूं तुम मेरी जिम्मेदारी हो, मैं तुम्हें किसी के भी भरोसे नहीं छोड़ सकता हूं, तुम हमेशा अपना सर उठा कर ही जीवन जीओगी ।" तुम्हारे हाथ में ही है अब सब कुछ तुम्हें जैसा उचित लगे तुम वैसा ही करना जो तुम्हें उपयुक्त लगे वही वसीयत मांगने पर देना, मालिनी जी बस वही कागजात खोज रही थी । पूरा कमरा उथल-पुथल हो रखा था, आखिर काफी देर बाद मालिनी जी को रमन जी की वह वसीयत मिल गई, उन्होंने बच्चों के प्रतिशत वाली दूसरी वसीयत फाड़ दी और बस अपने कमरे को ठीक-ठाक कर दिया । अपने आंसुओं को सीने में दबाकर पहले के जैसे ही परिवार के साथ रहने लगी । रमन जी की बरसी का सभी काम होने के दो हफ्ते बाद मौका देखकर बेटों ने मां से वसीयत के कागजात मांगे , मालिनी जी ने कहा, बच्चों लेकिन पहले तुम्हें हमारे पारिवारिक वकील शर्मा जी को बुलाना होगा, वसीयत वहीं पढ़ कर सुनाएंगे और समझा भी देंगे । सभी बेटों ने हां कर दी ।

शर्मा जी अगले दिन आए । मालिनी जी ने उन्हें कागजात दे दिए और वसीयत को पढ़ने को कहा । सभी बच्चों को पूरी उम्मीद थी पापा हमारे नाम सब कुछ अवश्य देकर गए होंगे, पर यह क्या उनके सारे सपने बिखर गए यह कैसे हो सकता है यह तो हो ही नहीं सकता ? वकील साहब तो कुछ और ही कह रहे हैं , सारी संपत्ति, व्यापार का एक-एक पैसा मालिनी जी के नाम है ,वह जिसे चाहे उसे दे सकती हैं, उनका कोई भी बेटा या बहू विरोध नहीं करेगा । वह जैसा चाहे अपना शेष जीवन व्यतीत कर सकती हैं । मालिनी जी के आंखों से आंसू बह रहे थे । वह कई बार रमन जी को गलत बता देती थी,आप बच्चों पर पूरा भरोसा रखो वह मेरा ध्यान रखेंगे ,पर रमन जी सही कहते थे जमाना बदल गया है, मालिनी पैसा अपने पास भी होना जरूरी है, बच्चे ध्यान रखेंगे या नहीं यह बात की बात है । "बच्चों तुम पापा के फैसले से खुश नहीं हो क्या ?तुम्हें इतना क्रोध क्यों आ रहा है, जो तुम्हारे पापा का है वही तो मेरा भी है ना ठीक कहा ना मैंने "

अब कान खोलकर तुम सुन लो प्यारे बच्चों ! घर से मैं नहीं तुम सब जाओगे,यदि तुम लोगों को मेरे साथ रहना है तो तुम रह सकते हो, लेकिन घर खर्च का आधा हिस्सा तुम तीनों भाइयों को बारी-बारी से हर महीने देना होगा। मेरे घर में तुम सब की आज तक बहुत चल गई है, अब और नहीं मालिनी जी ने वकील को धन्यवाद किया ।

अपनी पोति रिया को बोला बिटिया, रिया सुनो, "तुम इंग्लिश स्पोकेन क्लास जाती हो ना, मुझे भी ले चलोगी क्या ? मैं भी इंग्लिश सीखूंगी, मेरा भी दाखिला करवा दो । रिया बोली हां दादी ! पर आप क्या करोगे अब सीख कर ? मालिनी जी बोली, थोड़ा अपने को ऑफिस जाने के लिए तैयार कर रही हूं । रीमा मैं अब बॉस हूं ।

रमन जी की दूरदर्शी दृष्टि ने मालिनी जी का शेष जीवन दुखों के भंवर में डूबने से बचा लिया, व उनको अपने जीते जी जिस मालिनी की तलाश थी और जैसा उन्हें वह देखना चाहते थे आज मालिनी जी ने उनकी तलाश पूरी कर दी।

आज के समय में आपके पास कितना भी धन सम्पत्ति बचत रूप में हो, उसमें से कुछ प्रतिशत हिस्सा अपने वृद्धावस्था की बचत के स्वरूप अवश्य सुरक्षित करें। ताकि आप स्वाभिमान से जी सके, हर घर कि ये कहानी नहीं होती लेकिन भविष्य में चोट खाने से अच्छा है स्वयं कि सुरक्षा । भावनाओं से नहीं समय कि मांग देखकर उचित निर्णय ले। पारिवारिक दायित्व का वहन करते हुए अपने भविष्य के लिए भी बचत करें और सभी को प्रेरित भी करें । वृद्धावस्था बोझ नहीं है, अपितु परिश्रम के तप से जिंदगी को संवार कर आनंद के पलों को स्वाभिमान और अनुभव कि जमीन पर परिवार के साथ जीने का बहुमूल्य समय है । किसी को आप पर ऊंगली उठाने या लाचारी व्यक्त करने का मौका ही न दे । जीवन को परिपूर्णता से जिएं, सोच बदलें, "आज कि छोटी-छोटी बचत कल का सुनहरा आत्मसम्मान से भरपूर सुखद भविष्य " ।

बच्चों पर भरोसा करना जरूरी है, परन्तु आप किसी कि मजबूरी नहीं है, और परिवार को प्यार से साथ लेकर भी चले । बचत अपनाएं ,खर्च कम करें, अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं, सरकार द्वारा सुझाई गई बचत योजनाओं में निवेश करें, भविष्य आनंदित बनाएं । परिवार के साथ स्वयं के लिए भी जिएं ।

# 10 दिन से नहीं आई शालीमार, एक हजार से ज्यादा लोगों ने टिकट रद्द कराए

**मेरठ (आरएनएस)।** पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के आंदोलन के चलते शालीमार एक्सप्रेस दस दिन से नहीं आ रही है। रेलवे इस ट्रेन को बाडमेर-जेसलमेर से दिल्ली तक ही चला रहा है। दिल्ली- जम्मूतवी के बीच इस ट्रेन को रद्द कर रखा है। शालीमार एक्सप्रेस के नहीं चलने के कारण मां वैष्णो देवी धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालु अधिक परेशान हैं।

श्रद्धालुओं को अपना आरक्षित टिकट निरस्त कराना पड़ रहा है। 10 दिन में एक हजार से अधिक लोग टिकट रद्द करवा चुके हैं। जालंधर इंटरसिटी सुपर के भी दस दिनों से रद्द रहने से लुधियाना आदि शहरों में जाने वाले व्यापारी भी परेशान है।

अपनी मांगों को लेकर फरवरी से आंदोलनरत किसानों ने 17 अप्रैल को पंजाब के पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना शुरू कर दिया था। तभी से किसान वहां रेलवे ट्रैक पर कब्जा कर बैठे है। इससे पंजाब, हिमाचल, जम्मू आने जाने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित है। रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है और अनेक के मार्ग परिवर्तित कर उन्हें लुधियाना से वाया चंडीगढ़-अंबाला चलाया जा रहा है। रद्द होने वाली ट्रेनों में दिल्ली-मेरठ-सहारनपुर मार्ग पर चलनी वाली शालीमार एक्सप्रेस, दिल्ली-जालंधर इंटरसिटी सुपर भी शामिल है।

शालीमार एक्सप्रेस गाजियाबाद, मोदीनगर, मेरठ, खतौली, मुजफरनगर, देवबंद के निवासियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन है। इन कसबों, शहरों से मां वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालु शालीमार पर ही निर्भर है।

# धूम्रपान न करने वाले भी रोज निगल रहे 11 सिगरेट के बराबर

**मेरठ (आरएनएस)।** आईएमए हॉल में बढ़ते प्रदूषण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया और इससे बचाव के लिए मंथन हुआ। चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए। मेदांता के डॉ. अरविंद कुमार सर्जन हैं और लंग (फेफड़े) ट्रांसप्लांट करते हैं।

उन्होंने बताया कि 15 साल पहले जब वह फेफड़ों की जांच करते थे तो फेफड़े खराब होने पर गुलाबी दिखते थे, अब फेफड़े काले हो रहे हैं। जो लोग धूम्रपान नहीं करते, उनके फेफड़े में भी काले धब्बे हैं, जिसका बड़ा कारण प्रदूषण है। लंग केयर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में रह रहे लोग जो स्मोकिंग (धूम्रपान) नहीं करते हैं, वे भी हर रोज प्रदूषण के कारण करीब 11 सिगरेट के बराबर धुआं निगल रहे हैं। इससे बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। इसलिए पेड़ जरूर लगाएं और सड़क के किनारे कूड़ा बिल्कुल न जलाएं।

अगर प्रदूषण का स्तर एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 350 से ज्यादा है तो यह ऐसा है कि हर रोज बिना धूम्रपान करने वाला भी 11 सिगरेट के बराबर धुआं पी रहा हो। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में हर रोज अमूमन यही स्थिति है। इस दौरान एडीजी डीके ठाकुर, पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा, एसपी ट्रैफिक राघेंद्र कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अशोक तालियान, अंशिका कंसल, डॉ. एपी माहेश्वरी, डॉ. राजीव खुराना और अभिषेक आदि रहे।

दिल की बीमारी का भी बढ़ रहा खतराः डॉ. राजीव अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि हर तरह के प्रदूषण से दिल की बीमारी का खतरा भी बढ़ रहा है। अब एंजियोग्राफी करते हुए माइक्रो प्लास्टिक निकल रहा है। इसकी वजह प्रदूषण है। प्लास्टिक की बोतल में पानी भी है।



**प्रदूषण से बचने के लिए ये करें**

पेड़ लगाएं, सड़क किनारे कूड़ा न जलाएं, पानी की छिड़काव करते रहें, निमार्णाधीन भवनों को ढककर रखें, वाहनों की प्रदूषण जांच कराते रहें।

**1078 निकला बेगमपुल का एक्यूआई**

आईएमए के सचिव डॉ. तरुण गोयल ने बताया कि डॉ अरविंद की टीम ने शनिवार को बेगमपुल और थापरनगर का एक्यूआई चेक किया था। बेगमपुल का एक्यूआई 1078 आया और थापरनगर का 365 रहा। यह गंभीर है। रविवार को कार्यशाला के दौरान कपूर जलाकर प्रदूषण चेक किया गया तो वह करीब 1400 निकला, जबकि एक्यूआई 150 से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

**हर जिले में बनेगी लंग्स सोसायटी**

आईएमए अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने बताया कि हर जिले में लंग्स सोसायटी बनेगी, जो लोगों को प्रदूषण से रोकने के लिए जागरूक करेगी। पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। मेरठ में मेरठ फॉर लंग्स सोसायटी का गठन कर दिया गया है। मेरठ की संस्था हरितिमा लगातार पेड लगा रही है। 14 साल से कार्य कर रही है।

# सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे ने मेरठ छावनी अध्यक्ष पद की शपथ ली

**मेरठ (आरएनएस)।** कैंट बोर्ड में छावनी परिषद अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई सोमवार को दोपहर एक बजे नव नियुक्त सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे मेरठ छावनी परिषद कार्यालय पहुंचे, इस अवसर पर सीईओ ज्योति कुमार छावनी परिषद सदस्य सतीश शर्मा व मीडिया प्रभारी/ऑफिस सुपरिटेंडेंट जयपाल सिंह तोमर व समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इसी बीच ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे ने छावनी अध्यक्ष पद की शपथ ली। इस मौके पर नव नियुक्ती पर बधाई देते हुए ब्रिगेडियर देशपांडे को सीईओ ज्योति कुमार ने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। तत्कालीन छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर राजीव कुमार के स्थान पर पद भार ग्रहण करते ही ब्रिगेडियर देशपांडे ने कहा मेरठ कैंट को बेहतर बनाने को लेकर विशेष रूप से कार्य किया जाएगा उन्होंने कहा न्याय के लिए कैंट की जनता के लिए छावनी परिषद के दरवाजे हमेशा खुले हैं उन्होंने कहा मेरठ कैंट को समझने एवं जैसे जैसे उनके समक्ष जानकारीयां आयेंगी सभी के सहयोग से छावनी को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। बता दें निखिल देशपांडे इससे पूर्व अरुणाचल प्रदेश में तैनात थे।



# बिना नियुक्ति खजांची बना दसवीं फेल चपरासी

**35 साल तक की नौकरी, दोषी मिलने पर भी दो वर्ष की जॉब**

**मेरठ (आरएनएस)।** इसे सिस्टम की अंधेरगर्दी नहीं तो और क्या कहेंगे कि बिना नियुक्ति के ही कोषागार में 35 साल तक नौकरी करने वाले मुख्य रोकड़िया सुशील कुमार को जांच में दो साल पहले ही दोषी ठहरा दिया गया था। तत्कालीन डीएम मुजफ्फरनगर ने निदेशक कोषागार को पत्र लिखकर सुशील कुमार की सेवा समाप्त करने की संस्तुति की थी। दोषी पाए जाने के बावजूद वह मेरठ कोषागार में दो साल और नौकरी करता रहा। अब जाकर सुशील को निदेशक कोषागार एवं पेंशन नील रतन कुमार ने बर्खास्त किया है।

मुजफ्फरनगर की रामपुरम कॉलोनी के जय प्रकाश और मुजफ्फरनगर कोषागार में डिप्टी कैशियर शिवकुमार वर्मा की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई। अनियमित नियुक्ति की शुरूआती स्तर पर जांच के आधार पर ही सितंबर-2022 में मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने मुख्य रोकड़िया सुशील कुमार को सेवा से निष्कासन के लिए निदेशक कोषागार लखनऊ को पत्र लिखा था। इसके बाद भी अब दो साल तक आरोपी सेवा में रहा। इस प्रकरण में विभाग के तत्कालीन निदेशक आलोक अग्रवाल ने दूसरी जांच अनुशासनात्मक बिंदुओं पर कराई थी। इसके लिए वित्त नियंत्रक राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर एसके गौतम को नामित किया गया। उन्होंने जांच के दौरान मुख्य रोकड़िया के पद तैनात सुशील कुमार का पक्ष सुना। शिकायतकर्ता जयप्रकाश और शिव कुमार के बयान दर्ज किए। वरिष्ठ कोषाधिकारी मुजफ्फर नगर से रिकॉर्ड तलब किया गया। समस्त साक्ष्यों को संकलित करने के बाद उन्होंने जनवरी 2024 में आख्या निदेशक को प्रेषित कर दी थी।

मुजफ्फरनगर में तैनात रहे सुशील कुमार ने फर्जी तरीके से नियुक्ति कराकर पदोन्नति पाई। किसी अफसर ने उनकी नियुक्ति की पत्रावली तक नहीं देखी। इस दौरान कई डीएम भी बदले गए।उन्होंने हाईकोर्ट में भी याचिका दाखिल की, जो लंबित है। दूसरी शिकायत दिसंबर 2021 में जय प्रकाश ने की थी। दोनों पर जांच के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई की।

मीडिया ने सुशील कुमार की नियुक्ति नियम विरुद्ध होने का मुद्दा उजागर किया था। इसी तरह मुजफ्फरनगर कोषागार में 30 साल तक खजांची की नौकरी करने वाले 10वीं फेल प्रमोद कुमार को बाद में चपरासी बना दिया गया था।

शासन से मुख्य रोकड़िया सुशील कुमार को बर्खास्त करने का आदेश प्राप्त हुआ है। उच्चाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में उन्हें आदेश तामील करा दिया है। उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है।

**-वरुण खरे,**
**मुख्य कोषाधिकारी**

# मेरठ की मानसी माहेश्वरी की एनीमेशन फिल्म 'बनीहुड' की कांस में होगी स्क्रीनिंग

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ की मानसी माहेश्वरी की एनीमेशन फिल्म बनीहुड का जलवा कांस में दिखेगा। एक निर्देशक के रूप में उनके काम को अब पूरी दुनिया देखेगी। उनकी यह एनीमेशन फिल्म कांस फिल्म फेस्टिवल-2024 के लिए चुनी गई है। 23 मई को इसकी स्क्रीनिंग कांस फिल्म फेस्टिवल में होगी।

मेरठ से शुरूआती पढ़ाई के बाद मानसी ने निफ्ट दिल्ली से अपनी आगे की पढ़ाई की। कोरोना के समय उनका झुकाव रचनात्मकता की तरफ हुआ। इसके बाद उन्होंने स्टॉप-मोशन एनिमेशन में अपनी पढ़ाई की। मानसी का यह प्रेम उनको यूके के नेशनल फिल्म एंड टेलीविजन स्कूल में मास्टर्स प्रोग्राम डायरेक्टिंग एनीमेशन की तरफ ले गया। यहां केवल दस छात्रों में मानसी का चयन हुआ था।



फरवरी में बनी 'बनीहुड' को मानसी खुद का ही आत्म-साक्षात्कार मानती हैं। नौ मिनट की इस रोलरकोस्टर यात्रा में उन अनुभवों को शामिल किया गया है, जिनसे हम अपनी जिंदगी में रूबरू होते हैं। इस फिल्म में बताया गया है कि कैसे हम अपनों को सुरक्षित करने के लिए झूठ तक का सहारा लेते हैं। कठिन समय में अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए छल भी व्यवहार में शामिल हो जाता है। यही अनुभव थे जिनसे बनीहुड का आइडिया आया।

इस फिल्म की अनूठी दृश्य शैली एक नया दृष्टिकोण भी दर्शकों को देती है। यही इस एनीमेशन फिल्म के कांस में चयन का कारण भी बना। मानसी अभी यूके में अपनी एनीमेशन की पढ़ाई पूरी कर रही हैं। इसके अलावा वह एक निर्देशक के रूप में अपने काम को और अधिक निखारने में भी जुटी हुई हैं। मानसी का अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा को पहुंचाना अन्य फिल्म निमार्ताओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

# मेरठ के बिजली बंबा बाईपास पर सड़क हादसे में आरपीएफ के दरोगा की मौत

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के बिजली बंबा बाईपास पर रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क हादसे में आरपीएफ दिल्ली में तैनात दरोगा वीरेंद्र शर्मा (50) की मौत हो गई। ट्रैफिक पुलिस ने कंटेनर और उसके चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। लोहिया नगर इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि हरियाणा कैथल जिले के रहने वाले एएसआई वीरेंद्र शर्मा आरपीएफ दिल्ली में तैनात थे। मंगलवार दोपहर को अपने एक साथी संजय के साथ बुलेट पर सवार होकर विजेंद्र शर्मा हरिद्वार जा रहे थे।



बताया जाता है कि परतापुर से वह बिजली बंबा बाईपास से होते हुए जा रहे थे। जुरानपुर फाटक के समीप सामने से आ रहे कंटेनर ने दरोगा की बुलेट को टक्कर मार दी। दरोगा टक्कर लगने के बाद कंटेनर के पहिए के नीचे आ गए, जबकि बुलेट चला रहे संजय साथी दूसरी साइड में गिर गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में मोबाइल ने दिलाने पर 10वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** बागपत जनपद के खब्बीपुर निवाड़ा में 15 वर्ष के 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि छात्र पिता से मोबाइल की मांग कर रहा था। मोबाइल फोन नहीं दिलाने पर छात्र ने ये कदम उठाया।

### अस्पताल कर्मचारी ने महिला मरीज के देवर को पीटा, हंगामा

**मेरठ (आरएनएस)।** अहमद रोड पर डफरीन महिला अस्पताल में सोमवार सुबह कंकरखेड़ा निवासी महिला अपने देवर सागर व बेटे को लेकर अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने पहुंची थी। यहां सागर की अस्पताल के कर्मचारी से कहासुनी हो गई। इसके बाद अस्पताल स्टाफ ने मारपीट कर दी। बाद में पहुंची पुलिस ने कर्मचारी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि कंकरखेड़ा के गांव जेवरी निवासी सागर अपनी भाभी के साथ बच्चे को लेकर महिला जिला अस्पताल गया था। सागर का आरोप था कि वहां मौजूद शाहरुख नाम के वार्ड ब्वाय ने उसे अंदर जाने से रोक दिया।

विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उधर, सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी शाहरुख के खिलाफ मारपीट में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### हेड कांस्टेबल पर 1.10 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**मेरठ (आरएनएस)।** हेड कांस्टेबल पर 1.10 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने एडीजी से शिकायत की है। आरोप है कि हेड कांस्टेबल अब रकम वापस मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है।

टीपीनगर के सरस्वती विहार निवासी प्रसेन कश्यप ने एडीजी से शिकायत कर बताया कि फिलहाल मवाना थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल को उसने 1.10 लाख रुपये नकद और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कुछ रुपये दिए थे। तगादा करने पर अब झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई है। एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दवा कारोबारियों को उठाने पहुंची हरियाणा पुलिस के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट

**मेरठ (आरएनएस)।** नौचंदी थाना के शास्त्रीनगर सेक्टर-दो में दवा कारोबारियों को उठाने पहुंची हरियाणा की सोनीपत पुलिस को भीड़ ने घेर लिया हंगामा किया। पुलिसकर्मियों के साथ धक्कामुक्की और हाथापाई की। चालक गाड़ी लेकर मौके से भागा और नौचंदी थाने पहुंचा। सोनीपत पुलिस स्थानीय थाने में बिना आमद दर्ज कराए दबिश देने पहुंची थी। बाद में सोनीपत पुलिस दवा कारोबारी को नोटिस देकर लौट गई।

### दहेज की मांग पूरी होने पर विवाहिता को घर से निकला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहिता ने अपने पति एवं ससुरालयों पर दहेज की मांग पूरी ना होने पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है, पुलिस ने पीड़ित विवाहिता को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी विवाहिता नाजिया पुत्री नफीस ने बताया कि उसकी शादी चार माह पहले कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अरशद के साथ हुई थी। आरोप हैं की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर उसके बाद उसका पति, सास, देवर अन्य ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप हैं, मंगलवार को उसके पति एवं देवर सहित अन्य ससुरालयों ने दहेज में एक लाख एवं बाइक की मांग करते हुए पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की,और दहेज की मांग पूरी ना होने पर पीड़िता को घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने अपने पति एवं ससुरालियों से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले राजू को लेकर मेरठ पहुंची बीकानेर पुलिस

**मेरठ (आरएनएस)।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे राहुल कुमार और महेंद्र कुमार के फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनवाने वाले राजू वैध को लेकर बीकानेर पुलिस सोमवार को मेरठ पहुंची। बीकानेर पुलिस ने राजू वैध से पूछताछ के बाद फर्जी तरह से पासपोर्ट बनाने के मामले में कुछ सुबूत जुटाए। राजस्थान पुलिस गाजियाबाद में राजू वैध के ऑफिस में लगे कंप्यूटर को भी जब्त करेगी।

गुजरात की साबरमती जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर राजस्थान निवासी राहुल कुमार पुत्र चेतन लाल और महेंद्र कुमार पुत्र खजोहर लाल के खिलाफ करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। राहुल और महेंद्र लॉरेंस के कहने पर राजस्थान में कई संगीन अपराध को अंजाम दे चुके हैं। बीकानेर पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी तो आरोपी फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भाग गए। बीकानेर क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि दोनों के पासपोर्ट कंकरखेड़ा श्रद्धापुरी के पते पर बनवाए गए। इस पते पर दोनों के फर्जी आधार बनवाए गए। इस मामले में बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने कंकरखेड़ा के सुभाषपुरी में साइबर कैफे और गाजियाबाद पासपोर्ट ऑफिस के पास कैफे चलाने वाले राजू वैध को गिरफ्तार किया तो उसने सारे फजीर्वाड़े को अंजाम देना कुबूल कर लिया था। राजू ने बताया था कि उसने ही राहुल और महेंद्र के फर्जी आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेज तैयार कराकर दोनों का तत्काल में पासपोर्ट आवेदन कराया।

# सेवानिवृत्त अशोक उपाध्याय को किया सम्मानित

**बुन्द संदेश ब्यूरो**

**शामली।** उपाध्याय चेतना मंच सेवा समिति संगठन ने लोक निर्माण विभाग के अनुभाग में कार्यरत अशोक उपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर मौहल्ला रामसागर शामली धर्मशाला में संगठन ने शॉल पकड़ी ओढ़ाकर सम्मानित किया, सम्मान समारोह में प्रदेशाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि सेवानिवृत्त अशोक उपाध्याय एक कर्मठ, ईमानदार,और अपनी डियूटी के प्रति बहुत ही कर्तव्य निष्ठा कर्मचारी रहे जिनकी सेवाएं सदैव याद रहेंगी,भविष्य में भी अशोक उपाध्याय के सुखद एवम स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं, शामली युवा जिलाध्यक्ष विकास उपाध्याय व शामली नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा की अशोक उपाध्याय ने सरकारी विभाग में रहते हुए भी समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, समाज मे भी उनका अच्छा मान सम्मान है, हम उनकी लम्बी आयु की कामना करते हैं, सम्मान समारोह में समाजसेवी राजकुमार उपाध्याय, कमल उपध्याय, भवरसिंह उपाध्याय, रामबीर उपाध्याय, विनोद, पवन उपाध्याय, विकास उपाध्याय, रजनीश उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।





**गिरफ्तारी** पकड़े गए हरियाणा निवासी चारों बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई कर कब्जे से पिस्टल और कारतूस बरामद कर जेल भेजा

# सुपारी लेकर हत्या करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान भाड़े पर हत्या करने वाले चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से देसी पिस्टल, कारतूस और एक कार भी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए चारों बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

एसपी अभिषेक झा के आदेश पर वरिष्ठ उप निरीक्षक संदीप कुमार कस्बे के पूर्वी यमुना नहर पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक आई टेन कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार सवार युवकों को रोकने का इशारा किया तो कार सवारों ने कार की गति बढ़ा दी और भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सवार चारों युवकों को दबोच लिया और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए चारों युवकों के कब्जे से एक देशी पिस्तौल सात कारतूस, चार डंडे और आई टेन कार बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम आकाश पुत्र धर्मवीर जाट निवासी ग्राम रायपुर थाना सेक्टर 27 जिला सोनीपत, आमिर पुत्र खालिद निवासी बाबा कॉलोनी टाटा शोरूम थाना सदर सोनीपत, मनीष पुत्र जितेंद्र निवासी जकाराबाद थाना मोहना जनपद सोनीपत, व कुणाल पुत्र विजय शर्मा निवासी देवडू रोड शिव कॉलोनी गली नंबर 5 थाना सदर सोनीपत बताया है। पुलिस ने पकड़े गए चारों बदमाशों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह का कहना है कि पकड़े गए बदमाश, कस्बे के युवक के साथ मारपीट करने आए थे उससे पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।






**हत्या करने के इरादे से पहुंचे थे चारों बदमाश, पुलिस ने किया इरादों को नकाम**

पुलिस के द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़े गए हरियाणा के चारों शातिर बदमाश सूत्रों की माने तो कस्बा निवासी एक युवक की हत्या करने के इरादे से आए थे। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि उन्हें कस्बे के ही एक युवक के द्वारा कस्बा निवासी एक युवक का फोटो भेज कर हत्या करने की सुपारी दी गई थी। उन्होंने बताया कि जिस युवक के द्वारा उन्हें सुपारी दी गई थी उक्त युवक ने उन्हें बताया था कि जिस युवक को तुम्हें मारना है, वह शाम के समय दोनों नहरों के बीच स्थित पावर जिम में जिम करने के लिए आता है, लेकिन वहां तक पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# सपा प्रत्याशी का बहिष्कार करेगा मुसलमान, दबायेगा नोटा अखिलेश यादव पर बरसे बरेलवी मौलाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** लोकसभा सीट पर सपा की मुश्किलें बढ़ती जा रहीं हैं। सपा जिला उपाध्यक्ष हैदर की बगावत के बाद अब बरेलवी उलेमाओं ने भी मोर्चा खोल दिया है। इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों के वोटों की तिजारत कर रही है। मुसलमान चुनाव में सपा को दूध की मक्खी की तरह निकालकर फेंक दें। अखिलेश यादव मुसलमानों के हमदर्द नहीं हैं। बरेली। बरेली लोकसभा सीट पर सपा की मुश्किलें बढ़ती जा रहीं हैं। सपा जिला उपाध्यक्ष हैदर की बगावत के बाद अब बरेलवी उलेमाओं ने भी मोर्चा खोल दिया है। इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों के वोटों की तिजारत कर रही है। मुसलमान चुनाव में सपा को दूध की मक्खी की तरह निकालकर फेंक दें। अखिलेश यादव मुसलमानों के हमदर्द नहीं हैं।



बरेली लोकसभा से सपा प्रत्याशी का करें बहिष्कार और नोटा का बटन दबाएं। आंवला, बदायूं सीट के लिए उलेमा ने बीएसपी का समर्थन किया है।

मुसलमान का नाम लेने से भी डर रहे हैं अखिलेश यादव, आजम खां भी फोटो नहीं

मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि हजारों की तादाद में मुसलमान उलमा से पूछ रहे हैं कि हम वोट किसको दें। इसलिए आज मीटिंग कर महत्वपूर्ण फैसला लिया है कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द इस्तेमाल करते हुए डर रहे हैं। स्टेज से दाढ़ी-टोपी वाले मुसलमानों को धक्के देकर उतारा जा रहा है। मुस्लिम चेहरों को हाशिए पर कर दिया है। 22 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों पर गैर मुस्लिमो को टिकट दिया गया है। राज्यसभा व विधान परिषद और संसद में मुसलमानों की नुमाइंदगी को एक साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। मौलाना शहाबुददीन ने कहा कि बरेली में सपा की सभा में आजम खां का फोटो तक नहीं लगाया गया, उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में कई सपा मुस्लिम विधायक और आजम खां सालों से जेल में है, इन तमाम चीजों के जिम्मेदार अखिलेश यादव हैं। उन्होंने मुसलमानों के मुद्दों से अपने आप को अलग थलग कर रखा है।

**दाढ़ी टोपी से नफरत कर रहे अखिलेश यादव, मुसलमान खत्म कर देगा उनकी तिजारत**

अखिलेश यादव मुसलमानों की दाढ़ी और टोपी से नफरत करते हैं। उन्होंने मुसलमानों को अपना मजदूर समझ रखा है। उनकी नजर में मुसलमान दरी बिछाने और कुर्सी लगाने के अलावा कोई हैसियत नहीं रखता, वो हमेशा मुसलमानों को बीजेपी और आरएसएस का डर व खौफ दिखाते रहते है। मुसलमानों के अंदर सियासी सूझबूझ न होने की वजह से अखिलेश यादव मुसलमानों का इस्तेमाल करते है। इस चुनाव में मुसलमान उनकी तिजारत को बंद कर देगा। अब दरी बिछाने और कुर्सी लगाने के बजाय सत्ता को छीनने की कोशिश करेगा। बरेली लोकसभा से भाजपा और सपा प्रत्याशी के अलावा किसी नेशनल पार्टी से कोई मुसलमान उम्मीदवार नहीं है। बिचपुरी के मुसलमानों पर बुल्डोजर चला लेकिन सपा प्रत्याशी कहीं नहीं दिखे। पुराने शहर में मोहर्रम के जुलूस को रोका गया वो कहीं दूर दूर तक नजर नहीं आये। इज्जतनगर रेलवे स्टेशन मजार को तोड़ने का नोटिस दिया गया। मुसलमान बहुत बैचेन थे। मगर कहीं नजर नहीं आए। मुसलमान सपा प्रत्याशी का नोटा बटन दबाकर बहिष्कार करें। इस दौरान मुस्लिम उलमा मौलाना हाफिज नूर अहमद अजहरी, मुफ्ती मजहर इमाम कादरी, मौलाना मुजाहिद हुसैन, मौलाना अरबाज रजा, मौलाना अनिसुल रहमान, मौलाना अब्सार अहमद के साथ ही मुस्लिम जमात के भी पदाधिकारी थे।

# आंवला की जनता बदलाव चाहती आविद अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**आंवला (सददाम खान)।** जनता ने मन बना लिया आंवला से सैयद आबिद अली को सांसद बनाना है क्योंकि चैयरमेन आविद अली ने आंवला में बिना भेदभाव विकास कार्य किए हैं आज आंवला लोकसभा के आंवला नगर में बीएसपी से लोकसभा प्रत्याशी सैयद आबिद अली ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर कहा नगर की जनता बदलाव चाहती है दस सालों में सांसद ने विकास कार्य नहीं किए सपा से नीरज मौर्य बाहरी प्रत्याशी पहले बीजेपी में थे चुनाव बाद नजर नहीं आएंगे हम आपके ही नगर के हमें बीएसपी प्रमुख बहन मायावती जी ने टिकट के साथ साथ तीन लाख दलित वोट भी दिए हैं इसलिए क्यों पड़े हो चक्कर में कोई नहीं है टक्कर में सात मई को हाथी के सामने बाला बटन दबाकर वोट देने की अपील की इस मौके पर दीनदयाल एडवोकेट पप्पू यादव पूर्व प्रधान विनीत राठौर दयाराम मौर्य साचिन गुप्ता प्रशांत शर्मा आसिफ रजा बिलाल आदिल शेख साहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांसद की पहली प्राथमिकता हो महिला सुरक्षा: डॉ0 कविता गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होने जा रहा है तीसरे चरण के इस मतदान में संभल लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है ऐसे ही सांसद को लेकर एक राय नगर के आवास विकास कालोनी की रहने वाली डॉक्टर कविता गुप्ता की है उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराए साथ ही उन्होंने कहा कि युवा वर्ग पूरे जोश के साथ मतदान करें और बड़े बुजुर्ग और महिला पुरुष को भी अपने मत अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस हवन कुंड में वोट के रूप में अपनी आहुति जरूर दें। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा संसद की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए जिससे महिलाएं रात में भी अपने घर से बाहर निकलने में न डरें और आम आदमी से सामंजस्य स्थापित कर सके ऐसा प्रत्याशी होना चाहिए। चुनाव के बाद जनता के बीच से गायब न होकर जनता के बीच रहे ऐसा प्रत्याशी ही दिशा और दशा दोनों ही बदल सकता है।



# सैफी समाज ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आदित्य यादव को दिया समर्थन, शिवपाल यादव ने किया हर वक्त साथ खड़े रहने का वादा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं (रफीक अहमद)।** कल रात हुई एक विशाल जनसभा में बदायूं के समस्त सैफी समाज ने इंडिया गठबंधन के बदायूं लोकसभा के उम्मीदवार आदित्य यादव को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया।

जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है बदायूं लोकसभा में चुनावी सरगर्मियां जोर पकड़ती जा रही हैं, सभी दलों के प्रत्याशी डोर टू डोर संपर्क और नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों से वोट देने की अपील की जा सके। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आदित्य यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक आबिद रजा लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं, कल और आज उन्होंने बदायूं में सोथा, जोगीपुरा, लोटनपुरा और चौधरी गंज में जाकर अलग अलग समाज से समर्थन मांगा । चौधरी गंज मे हाजी शब्बीर सैफी के निवास पर हुई जनसभा में बदायूं के समस्त सैफी समाज के लोगों ने आदित्य यादव को अपना पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर पूर्व सदर विधायक और मंत्री आबिद रजा, शिवपाल सिंह यादव और पटियाली की पूर्व विधायक व उनकी पुत्री और सहावर की चेयरमैन शाजी खान ने सभा को सम्बोधित किया।

आबिद रजा ने कहा कि चाचा जी शिवपाल यादव की मुस्कान देख कर आपको नहीं लग रहा कि जीत पक्की है पर हमें अब उनको ज्यादा से ज्यादा वोटों से जिताना है, आदित्य यादव के पिता और अखिलेश यादव के पिता शिवपाल सिंह यादव ने इस अवसर पर कहा कि बदायूं हमारा घर है यहां से नेताजी मुलायम सिंह यादव सासंद रहे, प्रो रामगोपाल यादव सांसद रहे, धर्मेंद्र यादव रहे और अब हम रहेंगे इतने सारे लोग यहां के विकास के लिए खड़े हैं, उन्होंने कहा हम भाजपा की तरह झूठा प्रचार नहीं करते जो कहते हैं करके दिखाते हैं, हम हमेशा बदायूं की जनता के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। इससे पूर्व पटियाली की पूर्व विधायक, और सहावर की वर्तमान चेयरमैन ने भी सभा को संबोधित किया और आदित्य यादव को भारी संख्या में वोट देने की अपील की।

इससे पहले शिवपाल सिंह यादव और आबिद रजा व अन्य मेहमानों का स्वागत फूलों का हार डालकर किया गया, स्वागत करने वालों में हाजी शब्बीर सैफी, वसीम सैफी, राजू सैफी, हाजी अली अहमद सैफी, रफीक अहमद सैफी, शकूर सैफी, एडवोकेट उमर सैफी, हाजी सगीर सैफी, इंजी नौशाद सैफी आदि रहे तथा सभा में बदायूं के सभी सैफी समाज के लोग मौजूद रहे।









# सपा प्रत्याशी की पुरानी निजी तस्वीर वायरल, कहा ये उनकी निम्न स्तर की सोच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। किसी ने आदित्य की कॉलेज के दौरान की कुछ निजी तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कर दीं, जो वायरल हो रही हैं। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

**यह जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। निजी जीवन में कौन क्या करता है, कैसे रहता है, ये किसी का विषय नहीं होना चाहिए। राजनीतिक तौर पर चीजों को देखना चाहिए, ऐसा वह सोचते हैं**

बदायूं से सपा प्रत्याशी और सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव की निजी जिंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक व्यक्ति ने सोमवार रात एक्स पर एक फोटो अपलोड कर लिखा है कि तस्वीरें असली हैं लेकिन 2012 की हैं। साथ में कमेंट किया नई हवा है, नई सपा है... जिस व्यक्ति ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली हैं, वह भाजपा समर्थक बताया जा रहा है।



दरअसल, आदित्य यादव की जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उनमें वह अपनी महिला मित्रों के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीरें किसी पार्टी के दौरान की बताई जा रही हैं। आदित्य की यह तस्वीरें सामने आने के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। भाजपा के कुछ पदाधिकारियों ने फोटो एक दूसरे को शेयर भी किए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी शुरू हो गया है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। आदित्य यादव ने दिया जवाब।

इन तस्वीरों को लेकर चल रहे सियासी घमासान पर मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने प्रेसवार्ता की। तस्वीरों से जुड़े सवाल के जवाब में आदित्य यादव ने कहा कि ये कॉलेज के दिनों की बहुत पुरानी व्यक्तिगत तस्वीरें हैं। अगर कोई इन तस्वीरों एक्स पर शेयर करता है तो ये उसके निम्न स्तर को दशार्ता है। कुछ लोग उनकी निजी जिंदगी में घुस रहे हैं, अगर उनको कुछ कहना है तो आधिकारिक तौर पर क्यों नहीं कहते।

उन्होंने कहा कि कहा कि यह जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। निजी जीवन में कौन क्या करता है, कैसे रहता है, ये किसी का विषय नहीं होना चाहिए। राजनीतिक तौर पर चीजों को देखना चाहिए, ऐसा वह सोचते हैं।

# जूडो प्रतियोगिता में सिल्वर स्टोन स्कूल बना,चैंपियन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल ( दिनेश सक्सेना)।** सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित मण्डल जूडो चैंपियनशिप में बहजोई संभल रोड स्थित सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल को चैंपियन स्कूल का खिताब मिला इस प्रतियोगिता में स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें से 4 ने गोल्ड एवं 1 ने सिल्वर पदक प्राप्त किया । टीम कोच एकांश गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के 40 विद्यालयों एवं 100 से अधिक बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया था जिसमें अंडर 12 उम्र के बच्चों में सिल्वर स्टोन स्कूल की निहांशी गोयल ने 25 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल , अनिरुद्ध सिंह ने 35 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल ,संस्कार वार्ष्णेय ने 40 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल एवं अंडर 14 उम्र वर्ग के 40 किलो भार वर्ग में वासु वार्ष्णेय ने गोल्ड मेडल , 35 किलो भार वर्ग में रुद्र शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है और ओवर ऑल 4 गोल्ड प्राप्त करने पर स्कूल को चैंपियन स्कूल घोषित किया गया है ।



स्कूल आगमन पर प्रधानाचार्य संदीप शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य मेधाव्रत ने बच्चों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया व उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको प्रमाण पत्र भी प्रदान किया ।

# भागवत कथा में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का सुंदर वर्णन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मंगलवार को नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के षष्ठम दिवस पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पूजनीय वीरेश अग्निहोत्री रामायणी महाराज ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। जब श्रीराम लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर पधारते हैं, तब सारे नगरवासी प्रभु श्रीराम की एक झलक पाने के लिए व्याकुल हो उठते हैं। पूरा जनकपुर प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए लालायित दिखाई देता है। अगले दिन प्रातः काल गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम, लक्ष्मण सहित पुष्प वाटिका में पुष्प चुनने के लिए जाते हैं। उस पुष्प वाटिका में माता सीता भी अपनी सखियों के साथ मां गौरी के मंदिर जाने के लिए पधारती हैं। जहां प्रथम बार सीता का मिलन प्रभु श्रीराम से होता है। जानकी प्रभु श्रीराम को देखकर मोहित हो जाती हैं और मां गौरी से श्रीराम को ही पति रूप मे पाने की इच्छा प्रकट करती हैं। राजा जनक की प्रतिज्ञा के फलस्वरूप माता सीता के स्वयंवर हेतु धनुष यज्ञ का आयोजन किया जाता है।






जहां सभी राजा उस शिव धनुष को उठाना तो दूर हिला भी नहीं पाते हैं। तब राजा जनक और लक्ष्मण के संवाद के बाद गुरु आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम धनुष को एक खिलौने की भांति उठा लेते हैं और उस पर प्रत्यंचा चढ़ाते वक्त वह धनुष टूट जाता है। इसके बाद भगवान परशुराम जनकपुर पधारते हैं, जहां परशुराम और लक्ष्मण संवाद का अनोखा वर्णन कथा व्यास द्वारा किया गया। राजा दशरथ बारात लेकर जनकपुर पधारते हैं। जहां प्रभु श्रीराम के साथ-साथ चारों भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का भी विवाह राजा जनक और उनके भाई की पुत्रीयो के साथ बहुत ही धूमधाम से किया जाता है। प्रभु श्रीराम के विवाह उत्सव को गीता सत्संग भवन में भी कथा के यजमान वीरेंद्र कुमार सर्राफ और मंजू लता अग्रवाल द्वारा बहुत ही सुंदर और भव्य तरीके से मनाया गया। पूरा गीता सत्संग भवन श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ रहा। श्रीराम कथा की आज की व्यवस्था में संतोष जैन, मुकेश, विपिन चीनी, शिव शंकर भारद्वाज, पंकज सर्राफ, जिवेन्द्र कुमार, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप, हरिओम, ओम प्रकाश गोगी, डॉ विवेक, लवकुश आदि रहे।

# सम्भल में मतदाता जागरूक अभियान में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक व आरएसएस प्रचारक इंद्रेश कुमार पहुंचे सम्भल में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** सम्भल विधान सभा के आलम सराय के डीके रिसोर्ट मे हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में साम्प्रदायिक सदभाव को बनाने एवं लोगों को शिक्षित बनाने को लेकर हुए

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सय्यद शान अली ने किया स्वागत**

सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक एवम राष्ट्रीय प्रचारक आरएसएस इंद्रेश कुमार शामिल हुए। उनके प्रथम बार सम्भल आगमन पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया तथा इंद्रेश कुमार का कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सय्यद शान अली के नेतृत्व मे कार्यकताओं ने इंद्रेश कुमार का स्वागत करते हुए उनसे मुलाकात की ओर विभिन्न मुददों पर चर्चा करते हुए एकता व भाईचारे पर बल दिया। जिसमे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सयोंजक मोहम्मद इस्लाम अब्बास संगठन के महामंत्री इस्लाम खान मदरसा शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सयोंजक मजाहिर खान समाजसेवी उधोगपति भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल सिंघल एवं वक्फ विकास निगम के उत्तर प्रदेश सरकार में डारेक्टर इमरान तुर्की, फैज खान गो-रक्षा प्रकोष्ठ महिला विंग की सम्भल जिला सयोंजक रजिया खान , नईम शास्त्री सलमान खान जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा, मुस्लिम मंच के रऊफ अहमद, प्रदेश सयोंजक युवा प्रकोष्ठ जफरु इस्लाम, डॉक्टर अजीम शेख, पसमांदा मुस्लिम मंच जिला अध्यक्ष पपुल भाई, असलम जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, हाजी अंसार खान जिला मंत्री, शमीन अहमद मुरादाबाद आदि उपास्थित रहे। संचालन एमआर हसन जिला सयोंजक जिला मुरादाबाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया।



जागरूकता

## कार्यक्रम में बच्चों को दी गई खाद्य सामग्री

# रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आराध्या वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा सभी बच्चों को खाद्य सामग्री एवं उन चीजे वितरित की गई। कार्यक्रम में सेक्टर मजिस्ट्रेट अभय कुमार सक्सेना उपस्थित रहे । मतदान की शपथ के पश्चात रैली खतियान मोहल्ले से बड़ा महादेव होती हुई संभल गेट से विद्यालय वापस आई। विद्यालय में बच्चों की टोलियां का निर्माण कराया गया तथा प्रत्येक टोली नायक को अपनी टोली के उसके मोहल्ले में सभी मतदाताओं को जागरूक करने का भार सौपा गया ।बच्चों ने बहुत जोश के साथ बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता शपथ भी मोहल्ले के लोगों को बुलाकर ली गई । विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सशक्त भारत का निर्माण है । एक जागरूक मतदाता ही सशक्त राष्ट्र का निमार्ता होता है। पूनम अरोड़ा ने कहा की हम बच्चों को मतदान के उद्देश्य से परिचित कराना चाहते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डी.सी गुप्ता , पूनम अरोड़ा,अनु गांधी, मीनू, बी एल ओ धीरज कुमार सक्सेना, प्रमोद कुमार ,सतपाल सिंह ,संजय कुमार ,आयुषी गुप्ता आदि ।






# सी.ओ ने न्यायालय परिसर में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों व अभिलेखों को किया चेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी चंदौसी डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह द्वारा माननीय न्यायालय का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा न्यायालय परिसर में लगे सी.सी.टी.वी कैमरों एवं न्यायालय परिसर में लगी पुलिसकर्मियों की ड्युटियों को चेक किया गया साथ ही सम्मन सेल में अभिलेखों को चेक कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# लोकसभा चुनाव के बाद 57 जनपदों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने

**लखनऊ।** देश और दुनिया में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने का निर्णय लिया है। सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 57 जनपदों में साइबर थाने लोकसभा चुनावों के बाद स्थापित किए जाएंगे। इन 57 जनपदों में साइबर थाने स्थापित किए जाने को लेकर योगी कैबिनेट पहले ही अनुमोदन कर चुकी है। आम चुनावों के साथ ही आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद साइबर थानों की स्थापना को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रत्येक थाने में 25 पदों पर अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इस लिहाज से सभी 57 थानों में कुल 1425 पदों के सृजन को लेकर आदेश निर्गत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी।

अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# केवीएम इंटर कॉलेज में शानदार वानस्पतिक उद्यान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रकृति ने मानव जाति को तमाम सौगातें दी हैं लेकिन मनुष्य प्रकृति के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहा है। प्रकृति को नुकसान पहुंचाने का खामियाजा सम्पूर्ण मानव सभ्यता को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन प्राकृतिक आपदाएं भूकंप, तूफान, आंधी, बाढ़, भूस्खलन के रूप में आती हैं इसका कहर मनुष्यों पर टूट रहा है। प्रति वर्ष लाखों लोग कुदरत के कहर का शिकार होते हैं। गर्मी के मौसम में अत्यधिक गर्मी और सर्दी में बेतहाशा सर्दी ने इंसान के जीवन को अत्याधिक कष्टमय बना दिया है। इसकी बहुत बड़ी वजह प्रकृति के साथ मनुष्य का खिलवाड़ और पेड़ों का अत्याधिक कटान है। उपरोक्त बातें डॉक्टर अजय सिंह यादव प्रबंधक केवीएम इंटर कालेज ने कही। प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए केवीएम इंटर कॉलेज कल्ली पश्चिम में विशाल वानस्पतिक उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी में स्कूल के नन्हे मुन्ने सैकड़ो बच्चों ने लगभग 500 गमलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पेड़, पौधे और पुष्पों को प्रदर्शित किया। विभिन्न प्रजाति के एक से बढ़कर एक खूबसूरत पेड़-पौधों, पुष्पों को देखने के लिए सैकड़ो की तादाद में अभिभावक और क्षेत्रीय निवासी स्कूल आए। स्कूल के छात्र-छात्राएं, अध्यापकों के कुशल निर्देशन में 1 महीने से प्रदर्शनी की तैयारी कर रहे थे। गमलों में रोपे गए पौधे बच्चे अपने घर और नर्सरी से लाए थे। उल्लेखनीय बात ये है कि पौधों में इस्तेमाल की गई खाद विद्यालय प्रबंधक अजय सिंह यादव की गिर गौ कृषि जतन गौशाला में तैयार की गई थी। गिर गाय की खाद की विशेषता यह है कि गोबर से 3 दिन के अंदर बगैर किसी अतिरिक्त प्रयास के खाद तैयार हो जाती है। प्रदर्शनी में क्लास 4 से 12 के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉक्टर मृदुल शुक्ला वैज्ञानिक अखिल भारतीय विज्ञान दल ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर घनश्याम पांडे रहे। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में स्कूल प्रिंसिपल मोनिका श्रीवास्तव एवं विज्ञान अध्यापिका सरिता मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवीएम इंटर कालेज के अध्यापक शिशुपाल, शत्रोहन, बृजेश, हीरालाल भारती, राजेश राहुल कनौजिया, नीलेश, रजनी, आशा यादव, अंकित यादव, पूनम कनौजिया, ज्योति शुक्ला, आकांक्षा पांडे, श्रीमती राजेश्वरी, विनोद कुमार, भूपेंद्र यादव की भूमिका सराहनीय रही।






# बाइक पर बिना हेलमेट के फोर राइडर दे रहे हैं "मौत को दावत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । प्रदेश सरकार द्वारा करीब 3 वर्ष पूर्व मोटर साइकिल, स्कूटर व मोपेड के पीछे बैठी सवारी को भी हेलमेट लगाया जाना अनिवार्य करने के निर्देश जारी किये थे। इन निदेर्शों के बाद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाईक सवारों में हड़कम्प मच गया था। पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात ने जनपद के आला पुलिस अधिकारियों को इस नियम का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये थे। लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी योगी आदित्यनाथ के इस आदेश को अधिकारियों ने हवा में उड़ा दिया है। दो पहिया वाहनों के पीछे बैठने वाली सबारी को तो छोड़ो चालक तक भी हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। बाईक पर तीन व चार सवारी बैठने का नजारा यहां दिन में कई बार देखने को मिल जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार ने मोटर यान नियमावली 1998 के नियम 2001 में संशोधन के उपरान्त मोटर साईकिल, स्कूटर या मोपेड के पीछे बैठी सवारी को भी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के निर्देश जारी किये थे। तत्कालीन पुलिसउपमहानिरीक्षक यातायात राजेश मोडक ने जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित पत्र में इस नियम का उल्लंघन करने वाले वाईक सवारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे।स्कूटर के पीछे बैठी सवारियों को हेलमेट लगाना अनिवार्य किये जाने से नगर व क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन कर बाईक पर तीन व चार सवारी बैठाकर चल रहे चालकों में हड़कम्प मच गया था। लेकिन, इस आदेश के 3 वर्ष बीतने के बाद भी अधिकारियों ने इसे लागू करना उचित नहीं समझा है। दो पहिया वाहनों पर पीछे बैठने वाली सबारी तो दूर की बात चालक तक बिन हेलमेट लगाये ड्राईविंग करते रोडपर देखे जा सकते हैं।कांठ तहसील क्षेत्र में काफी समय से बाईक के पीछे बिना हेलमेट लगाये व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।



# जुआरियों पर मारपीट कर फोन क्षतिग्रस्त करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक युवक ने कई लोगों पर जुआं खेलने से मना करने पर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल क्षतिग्रस्त करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मंगलवार को नई बस्ती निवासी शाहिर पुत्र इकबाल ने बताया कि कई लोग उनके निकट तालाब पर जुआ खेलते हैं। जब पीड़ित ने जुआ खेल रहे हैं, जुआरियों से जुआ खेलने से मना किया और कहा कि उसने उनके वीडियो बना ली है और उनकी वीडियो पुलिस प्रशासन को दिखाएगा। आरोपी आग बबूला हो गए और पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की और उसका फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




# ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर आत्महत्या के लिए उकसाने के 01 आरोपी को 04 वर्ष का कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र राज सिंह द्वारा अपने पिता राज सिंह तथा मां बिल्ला देवी निवासीगण ग्राम हिसावटी थाना अनूपशहर के साथ मिलकर वर्ष-2019 में अपनी पत्नी जशोदा को आत्महत्या के लिए उकसाने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अनूपशहर पर मुअसं झ 281/2019 धारा 306/201 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 25.011.2019 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत

**07 हजार रुपये व 01 को ढाई माह का कारावास, 05 हजार रुपये तथा 01 अन्य को 01 माह का कारावास**

चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध 08 गवाह परिक्षित कराये गये। जिसके परिणामस्वरुप आज विशेष न्यायालय एफटीसी-03, बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त विनीत को 04 वर्ष का कारावास व 7000 रुपये का अर्थदण्ड, राज सिंह को ढाई माह का कारावास व 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड व बिल्ला देवी को 01 माह का कारावास व 05 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री ध्रुवकुमार वर्मा व श्री भूपेन्द्र राजपूत का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# 2024-25 में 4000 करोड़ से होगा पशुधन का संरक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में गौवंश समेत पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा इसको लेकर पूरा एनुअल प्लान बनाया गया है। इसमें गौवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। एनुअल प्लान में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

**गौवंश समेत पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा एवं सेवा को लेकर योगी सरकार ने बनाया एनुअल प्लान पशु चिकित्सालयों, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्रों पर किए जाने प्रस्तावित खर्च का प्रस्तुत किया ब्यौरा**

**140 करोड़ से गौसंरक्षण केंद्रों की स्थापना**

एनुअल प्लान के अनुसार, गौवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 करोड़ रुपए से गौसंरक्षण केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जबकि शेष एक हजार करोड़ रुपए से छुट्टा गौवंश के रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सा शिक्षा पर 179.74 करोड़ खर्च किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत गोरखपुर एवं भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना पर 100 करोड़ रुपए, मथुरा में पंडिद दीनदयाल पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान में वेतन सहायता एवं अनुदान के लिए 61.74 करोड़ और गैर वेतन सहायता अनुदान के रूप में 18 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे।

**पशु चिकित्सालयों, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्रों पर खर्च होंगे 470 करोड़**

इसके अलावा, पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र पर 470.30 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना है। इसमें पशु चिकित्सालयों की स्थापना पर 55 करोड़, पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक की स्थापना पर 6 करोड़, पशु सेवा केंद्रों की स्थापना पर 4.5 करोड़, पशु चिकित्सालयों, सेवा केंद्रों, अनुसंधान एवं निदान सेवाएं (राजस्व मद) में 71 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यही नहीं सचल पशु चिकित्सा सेवा पर 36.52 करोड़, राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम पर 186.72 करोड़ रुपए और वैक्सीनेशन पर 22.50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा, कृत्रिम



गभार्धान व बांझपन निवारण के तहत कृत्रिम गभार्धान, वीर्य उत्पादन एवं बांझपन निवारण पर 68.24 करोड़, लखनऊ में प्रस्तावित अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र पर 44.74 करोड़ रुपए, प्रस्तावित सैक्स सीमेन तकनीक अनुसंधान पर 8 करोड़ के खर्च का बजट प्रस्तावित है। इसके साथ ही पशुओं के बीमा पर 77.03 करोड़, कुक्कुट, बकरी व भेड़ संबंधी योजनाओं पर 58 करोड़ और प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर 71.01 करोड़ खर्च किए जाएंगे। प्रशासन तथा निदेशन पर 1455.38 करोड़ खर्च का बजट प्रस्ताव रखा गया है।

# मंदिर की संपत्ति पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के मंदिर महादेव मारुफ शिवाला धर्मार्थ ट्रस्ट की अध्यक्ष ने कई लोगों पर मंदिर की संपत्ति पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाकर थाने पर शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने जल्दी अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन दिया है। मंगलवार को कस्बे की नई बस्ती स्थित मंदिर महादेव मारूफ शिवाला धर्मार्थ ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट शालिनी कौशिक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि,मंदिर की कृष्णा वाटिका की भूमि पर कई लोगों के द्वारा खोखा, रेहड़ी लगाकर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। और कृष्णा वाटिका की भूमि को तोड़फोड़ करते हुए निरंतर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मंदिर की संपत्ति पर कई लोग अवैध रूप से अतिक्रमण कर उस पर कब्जा करने का भी प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटवाने के साथ ही कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जल्दी अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन दिया है।



# पुलिस मुठभेड़ में घायल हो चुका है पकड़ा गया बदमाश कणाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** चेकिंग के दौरान पकड़े गए बदमाश आकाश, मनीष ओर कुणाल पर हरियाणा राज्य के अलग-अलग थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जबकि कुणाल दो साल पूर्व हरियाणा के मुरथल में पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ था। कुणाल के साथ आकाश और मनीष को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पकड़े गए तीनों बदमाश शातिर किस्म के बदमाश हैं, जबकि आमिर पर पहले से कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। पकड़े गए बदमाश आमिर का कहना है कि उसे नहीं मालूम था कि उसके साथी किसी की हत्या करने के लिए जा रहे हैं। अगर उसे पता लग जाता तो वह उनके साथ बिल्कुल न आता।

# शराब पिलाकर केमिकल डालकर जलाने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर उसके पुत्र पिंटू कुमार को शराब पिलाकर मारपीट करने के साथ उसके पुत्र पर केमिकल डालकर जलाने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी सुरेश ने बताया कि वह अपने पुत्र पिंटू कुमार के साथ मजदूरी कर अपने घर आ रहा था, तभी बीच रास्ते में कई लोगों ने उसके पुत्र को बहला फुसला लिया और अपने साथ ले जाकर पहले तो शराब पिलाई और फिर उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने मारपीट के बाद उसके पुत्र के ऊपर केमिकल डालकर उसे जला दिया। परिजनों ने केमिकल से झुलसे युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




# बीएल प्रेमी की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव श्री अनुपम मिश्रा की उपस्थिति में श्रीमती शालिनी सिंह के कठिन प्रयासों से कॉग्रेस पार्टी की पूर्व नेत्री रूचि शर्मा ने अपनी सैकड़ों महिला साथियों के साथ भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के विचारों से प्रेरित होकर तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह जी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा,प्रदेश महासचिव शालिनी सिंह,प्रदेश महासचिव अंबुज पटेल,प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी,प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी,प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना,प्रदेश कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की ।







इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव कार्यालय प्रभारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव,सर्वप्रथम नारी शक्ति संगठन ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात एक दूसरे का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका राष्ट्रीय लोकदल में स्वागत है। राष्ट्रीय लोकदल के नारी शक्ति संगठन में आज और अधिक ऊर्जा देखने को मिल रही है। आप लोगों के सहयोग से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह को और अधिक राजनैतिक बल मिलेगा और दल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी।आप इसे दल नहीं परिवार समझिए आज से यह आपका नया परिवार है साथ ही उन्होंने महिलाओं से एन डी ए के प्रत्याशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की।

अंबुज पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल महिलाओं के हितों के संघर्ष करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा।

अंकुर सक्सेना ने कहा कि किसी भी राजनैतिक और सामाजिक संगठन के आगे बढ़ने में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है।

शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से उर्मिला उर्मिला, रेनू ,अनीता सिंह, सरिता श्रीवास्तव, उर्वशी यादव, अनीता वर्मा, नेहा राय, सुनैना, वर्षा वर्मा गीता मिश्रा, शोभा श्रीवास्तव, श्यामा देवी, वैशाली पाठक, रूपाली गुप्ता, विनीता, संतोषी देवी, ज्योति कुमारी, दीपमाला थे।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** भाजपा शासन में अपने साथ हुए अन्याय का बदला लेंगे किसान-मजदूर और आम जनताः जय प्रकाश

# हिसार लोकसभा में इंडिया गठबंधन के मुकाबले कोई उम्मीदवार नहीं : जय प्रकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार(राजेश सलूजा)** । आज इंडिया गठबंधन की पहली चुनाव प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। जिस तरीके से पूरे भारत में इंडिया गठबंधन हुआ और पूरे भारत में इंडिया गठबंधन ने टिकटों का बंटवारा किया, उसको देखकर देश के लोग मन बना चुके हैं कि हमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाकर केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार लाएंगे। इसी का नतीजा है कि आज पूरे भारत में इंडिया गठबंधन की हवा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह बात इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश जेपी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज हिसार लोकसभा के सभी दलों द्वारा सांझी प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी से हूं लेकिन उम्मीदवार इंडिया गठबंधन का हूं। इसमें गठबंधन की सभी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार में लगेंगे। इसके बाद पत्रकारों के प्रश्नो का जवाब देते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी ने कहा कि आज हिसार लोकसभा में इंडिया गठबंधन के मुकाबले कोई दल नहीं है, थोड़ा बहुत भाजपा प्रयास कर रही है लेकिन उसे लोग मुंह नहीं लगा रहे हैं। बाकी के दो दल किसी के इशारे पर वोट काटने का प्रयास करने में लगे हैं लेकिन उन्हें लोगों ने असलियत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला को हिसार लोकसभा क्षेत्र की जनता प्रत्याशी ही नहीं मान रही। जयप्रकाश ने कहा कि रणजीत सिंह चौटाला ने हिसार लोकसभा के साथ-साथ आदमपुर की जनता के साथ धोखा किया है। आदमपुर उपचुनाव के समय में उन्होंने लोगों को ढाणियों में बिजली कनेक्शन देने के वादे किए और लोगों को बिजली के खंभे उठवा दिए लेकिन जैसे ही चुनाव हुए तो बिजली निगम ने खंभे उठाने वाले लोगों पर केस दर्ज करवा दिए। उन्होंने कहा कि रणजीत सिंह के इस रवैये का आदमपुर की जनता अब बदला लेगी। उन्होंने कहा कि आदमपुर में एक दिन पहले हुई छोटी सी रैली में मनोहर लाल खट्टर व रणजीत सिंह ने आचार संहिता हटते ही आदमपुर विधानसभा सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाने का दावा किया लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि आचार संहिता हटने के बाद तो देश में इंडिया गठबंधन की सरकार ही बन जाएगी और हरियाणा में भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज जो लोग झूठे वादे कर रहे हैं, उन्हें सबसे पहले नैतिकता के आधार पर विधायक व मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए था और फिर मैदान में आना चाहिए था। नियमानुसार तो रणजीत सिंह फिलहाल भाजपा के सदस्य ही नहीं है। वे तो केवल एक निर्दलीय विधायक हैं। जयप्रकाश ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर खुद अपना चुनाव हार चुके हैं और दूसरों को जितवाने का दावा कर रहे हैं, जो हास्यास्पद है। वो दुष्प्रचार कर रहे थे कि इंडिया गठबंधन ने उन्हें करनाल की सीट थाली में सजाकर दे दी है लेकिन अब उन्हें पता चल रहा है कि वे करनाल में फंस चुके हैं। यही कारण है कि दूसरे हलकों में घूमने वाले मनोहर लाल खट्टर रातोंरात हिसार से पलायन करके करनाल पहुंच गए। मनोहर लाल ने यहां से भागकर साबित कर दिया है कि वे हिसार तो हार ही चुके हैं, करनाल को बचाने का प्रयास किया जाए लेकिन इसमें भी वे सफल नहीं होंगे।

उन्होंने करनाल से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को मजबूत व युवा बताते हुए कहा कि युवा के हाथों ही मनोहर की हार होनी तय है। उन्होंने कहा कि किसानों पर भाजपा व जजपा ने जो अत्याचार किए थे, उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया, रास्तें में कीलें बिछा दी, लाठीचार्ज किया और गोलियां मारकर ट्रेक्टरों के टायर फाड़ दिए, वे किसान आज अपने अपमान व अत्याचार का बदला इस भाजपा से लेंगे। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता व कांग्रेस नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



# परिषदीय स्कूलों में परिवर्तित पाठ्यक्रम पढ़ाने के लिए शिक्षकों को किया जाएगा प्रशिक्षित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के कक्षा एक एवं दो के पाठ्यक्रमों में बदलाव करते हुए नई पुस्तकों से पढ़ाई इसी सत्र से कराई जाएगी। बदले पाठ्यक्रम की पुस्तकें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के मानकों पर उत्तर प्रदेश के अनुकूल कस्टमाइज करके राज्य शिक्षा संस्थान ने तैयार की है। इस बदले पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को पढ़ाने के लिए पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बड़ा बदलाव कक्षा एक में किया गया है इसमें हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय को अलग कर दिया गया है। अभी यह सभी विषय कलरव नाम की पुस्तक में समाहित थे और इसी पुस्तक से विद्यार्थियों को सभी विषय पढ़ाए जाते थे। इसके अलावा कक्षा दो के विषयों की पुस्तकें भी बदली गई हैं। इस तरह अब नए सत्र में नई पुस्तकों से नए ढंग से पढ़ाई कराई जानी है। इसके लिए शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर के रूप में उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा, जिनकी पाठ्यक्रम में बदलाव के लिए प्र माड्यूल तैयार करने में भूमिका थी।

इसके बाद सभी जनपदों के एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो अपने जनपदों के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि बदलाव के अनुरूप विद्यालयों में पढ़ाई कराई जा सके। प्रशिक्षण के लिए जल्द तिथि तय की जाएगी। शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में होगा।

# धोखाधड़ी के आरोप में राशन डीलर पत्नी सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** पुलिस ने धोखाधडी के आरोपी पति पत्नी को आज गिरफ्तार किया है' जवकि इस मामले मे अन्य आरोपी अभी फरार है। उल्लेखनीय है कि महमूदपुर माफी निवासी आरक्षी वंदना ने 11 अप्रैल को नगर निवासी बलवंत उसकी पत्नी सहित कई लोगो के खिलाफ भूमि की खरीद मे की गई धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया था। आरक्षी का कहना था उसे जिस भूमि का बैनाम कराया कब्जा उस पर ना देकर दूसरी जमीन पर दे दिया इस तरह ना उसे भूमि मिली और ना ही उसकी रकम, पुलिस ने मामले मे जांच शुरू कर दी। इसी तरह का एक और मामला पटटीवाला निवासी दीपा की और से भी दर्ज कराया गया। आज पुलिस ने बलबंत पुत्र सौराज उसकी पत्नी किरन बाला पत्नी बलबंत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है जवकि इस मामले अन्य आरोपी अभी पुलिस पकड से बाहर है। धोखा धड़ी के आरोप में गिरफ्तार बलवंत राशन डीलर है ।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ो मरीजो का हुआ उपचार, दवाई का हुआ वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के प्रसिद्ध जनता नर्सिंग होम एवं पॉलीक्लिनिक में आज निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच, शुगर की जांच,ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई तथा सभी मरीज को निशुल्क दवाइयां वितरण की गई 'चिकित्सा कैंप



का उद्घाटन डॉक्टर मोहम्मद यूसुफ ने किया तथा महिलाओं में विभिन्न प्रकारों की बीमारियों का चेकअप कैल्शियम की कमी आदि आयरन की कमी की जांच डॉक्टर दो अलबीना ने की तथा साथ में जनरल सर्जन से संबंधित जनरल फिजिशियन से संबंधित जैसे पेट में दर्द,पेट में जलन, थायराइड,शुगर, सांस की नली पर सूजन प्रोस्टेट आदि की जांच डॉ जुनेद आलम ने की तथा गरदन में दर्द,कमर में दर्द, घुटनों में दर्द,कंधों में दर्द,नसों में झनझनाहट सुन्नपन आदि की जांच नगर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर अशोक चौहान ने की तथा बच्चों में कैल्शियम की कमी आयरन की कमी पेट का बढ़ना सूखापन आदि की जांच डॉक्टर मोहम्मद यूसुफ ने की' सभी की जांचों उपरांत निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया 'इस निशुल्क चिकित्सा कैंप में 185 मरीज लाभान्वित हुए ' इस अवसर पर डॉ बी परवीन,डॉ जेवा परवीन,डॉ शाहनवाज आदि का सहयोग रहा ।

# कोविशील्ड कोरोना वैक्सीन लगवाने वालों के लिए बुरी खबर! हो सकते हैं दुर्लभ साइड इफेक्ट्स, पहली बार "कोर्ट में कंपनी ने खुद कबूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 'ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट भी हैं। भारत में भी कोविशील्ड नाम से इस कंपनी की कोविड वैक्सीन लगाई गई है। यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफर्ड के साथ मिलकर एस्ट्राजेनेका ने यह वैक्सीन तैयार की थी। बता दें कि ब्लड क्लॉटिंग समेत कई अन्य दिक्कतों को लेकर एस्ट्राजेनेका कोर्ट केस का सामना कर रही है। कई याचिकाओं में कहा गया है कि इस वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कांठ तहसील में भी हजारों लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया था 'फरवरी महीने में बाईआ कोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में एट्राजेनेका ने साइड इफेक्ट की बात स्वीकार की है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार टेलिग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक एट्राजेनेका के खिलाफ जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने पहली बार अप्रैल

**बता दें कि भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने वैक्सीन ने भी एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता किया था। इसके बाद देश में आधे से अधिक डोज कोविशील्ड की ही लगाई गई थी**

में केस दर्ज करवाया था। जानकारी के मुताबिक जेमी ब्रेन इंजरी का शिकार हो गए थे। जेमी को टीटीएस यानी थ्रोम्बोसिस विथ थ्रोम्बोसायटोपीनिया सिन्ड्रोम नाम की बीमारी हो गई थी। इस बीमारी में दिमाग में खून के थक्के जम जाते हैं। एस्ट्राजेनेका में कोर्ट में बताया था कि इस कोविड वैक्सीन से कुछ मामलों में टीटीएस होने की संभावना रहती है। यूके में कंपनी के खिलाफ दर्जनों केस दर्ज हुए हैं। वहीं पीड़ित परिवार ने मुआवजे की भी मांग की है। वहीं कंपनी का कहना है कि टीटीएस बिना वैक्सीन के भी हो सकता है। वहीं पीड़ित परिवारों का कहना है कि यह वैक्सीन बेकार थी इसके बावजूद इसका बढ़ाचढ़ाकर गुणगान किया गया। वैक्सीन के ट्रायल के वक्त भी कहा गया था कि इस वैक्सीन के साइडइफेक्ट देखने को मिले हैं। हालांकि कंपनी ने इस बात से इनकार किया था। बता दें कि भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने वैक्सीन ने भी एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता किया था। इसके बाद देश में आधे से अधिक डोज कोविशील्ड की ही लगाई गई थी।

# तहसील बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी का कुंवर सूर्य सेन सिंह ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिऐशन कांठ के कार्यालय एवं लाईब्रेरी का आज फिता काटकर कुंवर सूर्यसेन सिंह, (न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय) ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, प्रदीप कुमार, सुशील बिश्नोई, विजयवीर सिंह, विनीत कुमार, महासचिव सुगम पंवार आदि मौजूद थे ।



# प्राचीन शिव मंदिर में जल अभिषेक किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** प्राचीन शिव मंदिर झारखंड महादेव मे किया जलाभिषेक छाबड़ा चंदौसी पवित्र वैशाख मास कृष्ण पक्ष मंगलवार को छाबड़ा ग्राम स्थित प्राचीन शिव मंदिर झारखंड धाम पहुंचकर पूरे क्षेत्र के सुख समृद्धि मंगल कामना एवं विजय हेतु विजय हेतु झारखंड महादेव भगवान भोलेनाथ को बिल्व पत्र अर्पण करके जलाभिषेक किया। इस अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर रुस्तमपुर खास के महंत स्वामी ब्रह्मानंद पुरी, जयपाल प्रजापति , मंदिर के महंत चंद्रवीर रघुवंशी ने भी सहयोग किया।



# पत्नी की आत्महत्या में पुलिस ने पति रवि शर्मा को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पत्नी की आत्महत्या के मामले में नलकूप निर्माण विभाग के कर्मचारी रवि शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को महिला ने सरकारी आवास में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली थी। आरोपी पति के दूसरी महिला से संबंध थे। जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।छजलैट के भीकनपुर निवासी भुवनेश चंद्र शर्मा ने सिविल लाइंस थाने में बहनोई रवि शर्मा और उसके कार्यालय में कार्यरत महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया था। भुवनेश ने बताया कि उसकी बहन पूजा शर्मा की शादी 12 साल पहले रवि शर्मा के साथ हुई थी। पूजा के दो बेटे कुनाल और कुंज हैं। रवि नलकूप निर्माण विभाग में वरिष्ठ सहायक है। शनिवार को पूजा शर्मा ने नलकूप



कॉलोनी स्थित आवास में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली थी। करीब एक साल से पूजा को उसका पति परेशान कर रहा था। आरोप लगाया कि रवि उसके ही कार्यालय में काम करने वाली महिला से संबंध हैं। एक अप्रैल को आरोपी ने उस महिला के बेटे का जन्मदिन भी अपने घर में ही मनाया था। पूजा कई बार घर बर्बाद होने का हवाला देकर उस

महिला को मना किया, लेकिन उसने भी पूजा को धमकी दी। पति भी जान से मारने की धमकी देता था। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर के मुताबिक तहरीर के आधार पर आरोपी पति रवि शर्मा और महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। रवि शर्मा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# टीएमयू मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी प्रो.शिल्पा को इंटरनेशनल फेलोशिप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के फार्माक्लोजी विभाग की प्रो. (डॉ.) शिल्पा पैट्रिक को फेमर इंस्टीट्यूट, फिलाडेलफिया, यूएसए की ओर से फेमर फेलोशिप प्रदान की गई है। डॉ. शिल्पा को यह इंटरनेशनल फेलोशिप क्रिश्चन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना ने दी है। फेमर इंस्टीट्यूट से मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में दो साल का कोर्स करने के बाद यह फेलोशिप प्रदान की जाती है। यह कोर्स ब्लेंडेड मोड में है। भारत में मात्र चार सेंटर- लुधियाना, मुंबई, कोयंबटूर और मणिपाल इस फेलोशिप को देते हैं। भारत में प्रतिवर्ष 16 प्रतिभागियों को प्रति सेंटर यह इंटरनेशनल फेलोशिप दी जाती है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने मेडिकल कॉलेज के फार्माक्लोजी विभाग की सीनियर फैकल्टी डॉ. शिल्पा पैट्रिक को मिली इस इंटरनेशनल फेलोशिप को संकल्प का प्रतिफल बताया।





उल्लेखनीय है, प्रो. शिल्पा पैट्रिक अब तक 10 शोध पत्र लिख चुकी हैं, जबकि करीब एक दर्जन नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भाग ले चुकी हैं।

निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने डॉ.शिल्पा पैट्रिक को बधाई देते हुए कहा, टीएमयू मेडिकल कॉलेज के लिए यह गर्व का विषय है, मेडिकल एजुकेशन में यह प्रथम फेलोशिप मिली है।

उल्लेखनीय है, डॉ. शिल्पा 2016 से टीएमयू मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं। प्रो. शिल्पा की इस उपलब्धि पर टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मेडिकल कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, फिजियोलॉजी के डॉ. जयवल्लभ कुमार, डॉ. आशीष चन्दर के अलावा दीगर फैकल्टीज मौजूद रही।

# हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को दी गई ट्रेनिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी) ।** महानगर के असालत पुरा बेगम वाली मस्जिद में आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इंडिया के शोबा हज व उमराह के तहत 2024 में हज को जानें वाले आजमीन ए हज व उमराह प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें अहराम बांधने का तरीका, उमराह करने का तरीका, तवाफ का तरीका और हज के पांच दिन के बारे में बिस्तार से जानकारी दी । 1दिन मिना की हाजरी में 5 नमाज अदा करना सुन्नत 2 दिन अराफात में वकूफ ये हज का रुकने आजम है ये वो मैदान यहा अल्लाह पाक माफ करता है। 3 दिन मुजदलिफा में रात को कयाम और था शैतान को मारने के 49 छोटे पत्थर लेना और आज 3 काम



करना है बड़े शैतान को 7 पत्थर मारना, कुबार्नी कराना, हलक/ गंजा कराना 4 दिन 3शैतान के पत्थर मारना 5 दिन 3 शैतान के पत्थर मारना है। इसी के साथ समान के लिए जानकारी दी सरकार की गाइड लाइन 20_ 20 किलो के दो बैग साथ में सात बैग ले जा सकते हैं। कोई नशा की वस्तु नहीं लेकर जाए इसको सऊदी सरकार ने ड्रग्स माना है । रुकने मजलिस हाजी साजिद अत्तारी ने बताया हज या नमाज को सीख कर इबादत करे। इस मौके पर शाने आलम अत्तारी सय्यद अजीम अत्तारी हाफिज वसीम कारी फैजान आदि मौजूद रहे आखिर मे मुल्क की तरक्की खुशहाली । और अमन के लिए दुआ की गई।

# भाजपाईयों ने नगर के सभासदों के साथ की बैठक, अधिक से अधिक वोट डलवाने की की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के फुब्बारा चौक स्थित महिंद्रा रेस्टॉरेंट में भारतीय जनता पार्टी की नगर सभासदों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे लोकसभा सह प्रभारी धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा ने सभी सभासदों से अपील की चन्दौसी नगर से अधिक से अधिक मतदान कराकर प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को विजयी बनाने का कार्य करें।

विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर ने कहा कि आप सभी अपने अपने वार्ड में निवास कर रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताए और फिर से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का कार्य करें।



आज की बैठक में विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी,एमएलसी प्रतिनिधि विनोद शर्मा,जिला मंत्री आकाश अग्रवाल,विधानसभा संयोजक मीडिया अभिनव शर्मा,सभासद नेता तरुण नीरज, अनुराग गर्ग,अमन कोली, नवकान्त शर्मा,अमित दिवाकर,शिव कुमार सैनी, मोहित दिवाकर, सचिन्द्र यादव, किशन प्रजापति, दयाराम कनोजिया, सचिन रस्तौगी, मनोज गुप्ता, लोकेश मौर्या आदि उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रवासी के रूप मे बिजनौर से पूर्व एमएलसी रहे सुबोध पाराशरी ने चन्दौसी विधानसभा में व्यापारी वर्ग और सामाजिक लोगो के बीच जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

जनसंपर्क में पंकज शर्मा,लोकेंद्र शर्मा, सुधांशु शर्मा, अभिनव शर्मा, साकेत अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, सुचित अग्रवाल, भारत अग्रवाल, विकास रस्तौगी, मोहित गुप्ता सैमसंग, कनहैया गुप्ता, अमोल अग्रवाल आदि रहे।

**शपथ** — अपनी ज़िम्मेदारी को निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने एक अच्छा उधारन सभी के समक्ष पेश करें

# स्वीप कार्यक्रम के अंतरगत मतदाता जागरूकता पर दिलाई शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के कैथल गेट स्थित अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के अंतरगत डिस्ट्रिक्ट काउन्सलर संगीता भार्गव द्वारा दूसरा मत दान जागरूकता पर शपत दिलाई गई , बच्चों से 9 से 12 तक के बच्चों को ज़िम्मेदारी दी गई कि वह अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेद भाव के अपनी निर्वाचन अधिकारो का प्रयोग अपने घर प्रतिएक घर के सदस्य से कर बायें जो 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुका हो छात्रों से अनुरोध किया गया की वो अपने अभिभावको को समझाएँ की वो





स्वतंत्र निष्पक्ष और शांति पूर्ण रखते हुए धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपनी ज़िम्मेदारी को निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने एक अच्छा उधारन सभी के समक्ष पेश करें संगीता भार्गव द्वारा कहा गया की हम एक लोकतांत्रिक देश रहें है जहाँ की सरकार हमारे द्वारा निर्वाचित की जाती है जो हमारे लिए सदेव काम करती है अतः सही सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचर्य अंजू गुप्ता , सफि या खान , नीरू अंजू सुधा सरोज का सहयोग रहा।

# भारत विकास परिषद का सदस्यता अभियान हुआ शुरू, समाज की सेवा करने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय आह्वान पर विकास परिषद के लोगों ने मंगलवार को सदस्यता अभियान प्रारंभ किया' घर घर जाकर लोगों को सदस्य बनाया गया' करीब एक सप्ताह के अंदर



आज भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के पदाधिकारीयो ने सदस्यता अभियान शुरू किया' सेवा समर्पण संस्कार के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प लिया ' भारत सदस्यता अभियान पूरा हो जाएगा ' सदस्यता अभियान में अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, महेश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे ।



# अपने करियर में मैं अनदेखी 3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी : हेली दारूवाला

एक्ट्रेस हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी। हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। अनदेखी 3 10 मई को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

# गैंग्स ऑफ गोदावरी का टीजर जारी, राउडी अंदाज में दिखे विश्वक सेन

प्रभावशाली राउडी फेलो और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, चल मोहन रंगा के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, गैंग्स ऑफ गोदावरी के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निमार्ताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है।

टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा




की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, गैंग्स ऑफ गोदावरी एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं।

सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, यह फिल्म कृष्ण चैतन्य के निर्देशन कौशल का एक नया पहलू दिखाती है, जो दर्शकों को एक महाकाव्य अनुभव देने के लिए तैयार है। गैंग्स ऑफ गोदावरी 17 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# राशि खन्ना का ग्रीन साड़ी में दिखा किलर अंदाज, एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

साउथ फिल्मों की जानी मानी एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों पर राज करना बखूबी जानती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कातिलाना तस्वीरें तेजी से वायरल हो जाती हैं। राशि खन्ना फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी मशहूर हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपकी सांसे थम जाएंगी. राशि खन्ना ने ग्रीन कलर की साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है.



लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने बालों को खुला छोड़ा है और किलर पोज देते दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर राज करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस राशि खन्ना बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। राशि खन्ना अपने फैंस के लिए अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। राशि खन्ना ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साउथ इंडस्ट्री से की। एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स दीवाने हो गए हैं और अपनी चहेती एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# आयुष्मान खुराना और अनीस बज्मी आए साथ, कॉमेडी से दर्शकों को लोटपोट करने को तैयार

पिछले काफी समय से फिल्मी गलियारों में यह सुगबुगाहट तेज थी कि निर्देशक अनीस बज्मी और अभिनेता आयुष्मान खुराना एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं।दोनों लंबे समय से साथ आने की योजना बना रहे थे और अब खबर है कि अनीस औार आयुष्मान का साथ आना लगभग तय है। दोनों फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनकी फिल्म से जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं।आइए जानते हैं कैसी होगी यह फिल्म।

रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान और अनीस साथ फिल्म करने के लिए तैयार हैं, जिसमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिलेगी, वहीं फिल्म में रोमांस और ड्रामा भी खूब देखने को मिलेगा।खास बात यह है कि फिल्म में आयुष्मान का किरदार बिल्कुल हटके होगा, जिसके लिए वो जाने जाते हैं।यह फिल्म जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। बरेली की बर्फी, बधाई हो और डॉक्टर जी के बाद जंगली पिक्चर्स के साथ यह आयुष्मान की चौथी फिल्म है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल फिल्म की कहानी लिखी जा रही है और 2025 में इसकी शूटिंग शुरू होगी।सिंह इज किंग जैसी कई बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनीस इन दिनों कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित के साथ फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग कर रहे हैं।दिवाली में इसकी रिलीज के बाद वह नो एंट्री 2 की शूटिंग शुरू करेंगे और इसके बाद निर्देशक आयुष्मान अभिनीत फिल्म में जुटेंगे।

अनीस ने वेलकम, सिंह इज किंग, नो एंट्री और भूल भुलैया 2 जैसी कई सुपरहिट कॉमेडी फिल्मों का निर्देशन किया है। इन





फिल्मों को देख यह कहना गलत नहीं होगा कि उन्होंने कॉमेडी फिल्मों को एक नए सिरे से परिभाषित किया है।अनीस अपनी तरह के अलहदा फिल्म निर्देशकों में से एक हैं और अब वह फिर एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जो यकीनन उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।

पिछली बार ड्रीम गर्ल 2 में दिखे आयुष्मान के हाथ में भी फिलहाल कई फिल्में हैं। वह करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ एक स्पाई फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग जुलाई में शुरू होगी।इसके अलावा जाने-माने निमार्ता दिनेश विजान की हॉरर कॉमेडी फिल्म वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर में भी आयुष्मान नजर आने वाले हैं। इसमें उनके साथ सामंथा रुथ प्रभु दिखाई देंगी।सौरव गांगुली की बायोपिक भी उनके पास है, जिसके निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का दूसरे दिन भी नहीं सुधरा हाल

सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा इन दिनों फिल्म रुसलान को लेकर सुर्खियों में हैं, जो 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में आई। फिल्म का खूब प्रचार-प्रसार किया गया, वहीं खुद आयुष ने भी इसकी तारीफ में इतने कसीदे पढ़े, जिससे लग रहा था कि फिल्म धमाका करेगी।हालांकि, यह पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हो गई। लग रहा था कि दूसरे दिन इसकी हालत सुधर जाएगी, लेकिन दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस आंकड़े भी निराशाजनक हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन 55 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन भी इसने कुछ कमाल नहीं किया और मामूली बढ़ोतरी के साथ 85 लाख रुपये अपने खाते से जोड़े। दोनों दिन की कमाई के आंकड़े मिलाकर फिल्म अब तक कुल 1.40 करोड़ रुपये बटोर पाई है।रुसलान के जरिए आयुष ने पहली बार सलमान के प्रोडक्शन हाउस से अलग होकर काम किया है।

रुसलान में आयुष एक रॉ एजेंट की भूमिका में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए अपनी बाडी और सिक्स पैक एब्स बनाने से लेकर एक्शन में तेज-तर्रार होने के लिए खूब मेहनत की, लेकिन इस चक्कर में वह अपनी एक्टिंग पर काम करना भूल गए।भावुक, गुस्सैल हर सीन में वह एक जैसा अभिनय करते हैं। चेहरे पर भाव आने से पहले ही चले जाते हैं। फिल्म में अभिनय से ज्यादा लोग उनके एक्शन की तारीफ कर रहे हैं।




बता दें कि आयुष को आखिरी बार अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में देखा गया था। उन्होंने फिल्म लवरात्रि से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। ये दोनों ही फिल्में सलमान ने बनाई थीं, जो बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई थीं।हालांकि, इन दोनों ही फिल्मों की शुरूआत बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक थी, लेकिन रुसलान की कमाई पहले दिन ही लाखों में सिमटकर रह गई और दूसरे दिन भी इसे कोई बड़ा फायदा नहीं हुआ।

वहीं अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां से बड़ी उम्मीद थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई। दूसरी तरफ अजय देवगन की मैदान का भी लगभग वही हाल है, लेकिन कम से कम इसकी कहानी और कलाकारों के प्रदर्शन ने तो दर्शकों का दिल जीत लिया है।सैकनिल्क के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने 17 दिन बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 59.55 करोड़ की कमाई की है।उधर मैदान अब तक 40.85 करोड़ रुपये जुटा पाई है।

# रामायण से लीक हुआ रणबीर कपूर और साई पल्लवी का लुक, दिखा राम-सीता का अवतार

फिल्म रामायण इन दिनों सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि इसे काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है और कई बड़े सितारे इससे जुड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी पर प्रशंसक नजर नाए हुए हैं।अब नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भगवान श्रीराम बने रणबीर कपूर और माता सीता के अवतार में साई पल्लवी की पहली झलक सेट से लीक हो गई है।



फिल्म के सेट से रणबीर और साई की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें उन्हें भगवान राम और मां सीता के अवतार में देखा जा सकता है। इन तस्वीरों ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।दोनों का लुक लोगों को खूब भा रहा है। तस्वीरों को देख लग रहा है कि ये राम और सीता की शादी के बाद वाला सीन है। पोशाक के साथ रणबीर और साई के हाव-भाव भी देखने लायक हैं।

इस फिल्म से कई सितारो का नाम जुड़ा है। केजीएफ स्टार यश इससे बतौर सह-निमार्ता जुड़े हैं, वहीं वह इसमें रावण की भूमिका भी निभाने वाले हैं।सनी देओल फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभाएंगे तो साउथ के स्टार विजय सेतुपति फिल्म में विभीषण की भूमिका में दिखेंगे।इससे पहले सेट से अरुण गोविल, लारा दत्ता और शिबा चड्ढा की पारंपरिक तस्वीरें सामने आई थीं। रकुल प्रीत सिंह और रवि दुबे भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का संगीत भी शानदार होने वाला है, क्योंकि 2 दिग्गज संगीतकार हंस जिमर और एआर रहमान इसके लिए साथ आए हैं। ऑस्कर जीत चुके हंस इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। वह भगवान राम की कहानी से रोमांचित हैं।हंस ने एक इंटरव्यू में रहमान के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की थी और अब दोनों साथ मिलकर दुनियाभर के दर्शकों के बीच अपने संगीत का जादू चलाने के लिए तैयार हैं। रणबीर ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल की दूसरी किस्त एनिमल पार्क में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म में एक बार फिर उन्हें रश्मिका मंदाना का साथ मिलेगा ।निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर भी रणबीर के पास है, जिसमें विक्की कौशल और आलिया भट्ट भी हैं।उधर साई अमरन और थंडेल जैसी फिल्मों में दिखेंगी। वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ भी एक हिंदी फिल्म में दिखेंगी। इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है।

# अभिनेत्री से निमार्ता बनीं सामंथा, पोस्टर के साथ नई फिल्म बंगाराम का किया एलान

ऊ अंटावा गर्ल फेम सामंथा रुथ प्रभु अपने 36वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके सभी दोस्त, रिश्तेदार सेलेब्स और फैंस की लगातार शुभकामनाएं उनके सोशल मीडिया पर आ रही हैं। अपने बर्थडे को और भी खास बनाने के लिए सामंथा ने अपने फैंस के लिए एक सरप्राइज दिया है। दरअसल, आज जन्मदिन के मौके पर सामंथा ने अपनी नई फिल्म की घोषणा करते हुए फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है।

सामंथा की आगामी फिल्म का नाम बंगाराम है। सामंथा रुथ प्रभु ने कुछ ही घंटों पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी नई फिल्म की घोषणा की है। इसेक साथ ही सामंथा ने फिल्म का पोस्टर भी साझा किया है। इस पोस्टर में सामंथा का अबतक का सबसे खूंखार लुक दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में सामंथा अपने हाथ में बंदूक पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। उनके चेहरे पर खून के छींटे दिखाई दे रहे हैं। फिल्म बंगाराम में उनका यह लुक लोगों को डरा भी रहा है और पसंद भी आ रहा है।

सामंथा की फिल्म बंगाराम का यह पोस्टर अब फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उनका यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामांथ ने कुछ ही घंटों पहले फिल्म का पोस्टर और मोशन वीडियो शेयर किया है। सामंथा ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, सुनहरा होने के लिए हर चीज का चमकदार होना जरूरी नहीं है, बंगाराम जल्द ही शुरू होगा।



फिल्म बंगाराम के पोस्टर को देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। फैंस को अभिनेत्री का यह दमदार लुक काफी पसंद आ रहा है। फैंस लगातार उनके जन्मदिन के साथ ही इस लुक को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है, हैप्पी बर्थ डे क्वीन, एक और फैन ने लिखा, वैरी कूल पोस्टर। एक फैन ने लिखा, बंगाराम ऑन फॉयर।, एक और फैन ने लिखा, पोस्टर को देखकर तो मेरे रौंगटे खड़े हो गए। उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म सुपर हिट हो। फिर से एक बार हैप्पी बर्थ डे लव।

# बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अयोध्या (आरएनएस)।** कलेक्ट्रेट के आसपास मंगलवार को थोड़ी चुनावी गर्मी दिखी। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडे तथा एक अन्य ने नामांकन किया जबकि भाजपा

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी नामांकन में रहे मौजूद

प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह कल बुधवार को नामांकन का दूसरा सेट दाखिल करेंगे। मंगलवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की मौजूदगी में बेहद सादगी के साथ बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार सच्चिदानंद पांडे ने फैजाबाद लोकसभा से नामांकन किया।

नामांकन के बाद सच्चिदानंद पांडे ने कहा कि मेरे मुद्दे बिलकुल साफ हैं। अयोध्या की जनता अब तक सबका शासन देख चुकी है। इस शासन में आम जनता जो एक मिडिल क्लास वर्किंग क्लास जनता है वो भाजपा सरकार से खुश नहीं है। उसको लाभ नहीं मिल पाया है। जो बेसिक मूलभूत सुविधाएं हैं उसमें लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। जो यहां का नवयुवक है, जो छात्र हैं कहीं ना कहीं वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। एक अच्छी शिक्षा प्रणाली भी यहां नहीं है। शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य तीनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार फेल हुई है।नामांकन स्थल पर जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर नितीश कुमार, एसडीएम सदर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राज कुमार पांडेय व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा मौजूद रहीं। पार्टी प्रत्याशी का नामांकन कराने आए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने नामांकन के बाद कहा कि बहुजन समाज पार्टी का मुद्दा गरीबों की पढ़ाई है जिसे बहन जी ने मुफ्त दे रखी थी। वे शिक्षा दे रही थी। रोजगार दे रही थी। नौकरी दे रही थीं। आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया और हमेशा काम करती रहेगी। इंडिया गठबंधन पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि कोई गठबंधन नहीं है। 2022 में सपा के साथ जयंत चौधरी थे, ओमप्रकाश राजभर थे, संजय चौहान थे, पल्लवी पटेल थी, दारा सिंह चौहान थे, स्वामी प्रसाद मौर्य थे, आज उनके साथ कोई दिखाई नहीं पड़ रहा है। उस गठबंधन का कोई मतलब नहीं है। बसपा का गठबंधन जनता के साथ है। इसी गठबंधन के बल पर 2007 में बसपा की सरकार बनी थी।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी अयोध्या

अयोध्या । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए एक मई को अयोध्या आने वाली हैं। मंदिर के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दौरान आम श्रद्धालु भी रोज की भांति दर्शन-पूजन कर सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू के विशेष विमान से एक मई शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति करीब तीन घंटे तक शहर में रहेंगी। इस दौरान उनके स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। शाम को सरयू के तट पर होने वाली आरती के दौरान राष्ट्रपति के आने की उम्मीद में तैयारी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति का विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन हम एक मई को राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान आम भक्त भी मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहेंगे। प्रयास किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के आने से आम लोगों को कोई असुविधा न हो। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि राष्ट्रपति के काफिले की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात परिवर्तन और व्यवस्थाएं की जाएंगी।



# सादगी के साथ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भरा चुनाव पर्चा

**अयोध्या (आरएनएस)।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को यहां बेहद सादगी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। न रोड शो, न बैंडबाजा सिर्फ इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद निर्मल खत्री, सपा से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियाँ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, बीकापुर के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर सहित पार्टी के तमाम नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने एक बैठक भी की जिसमें इंडिया गठबंधन को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीतने के लिए मंथन किया गया। केंद्रीय चुनाव कार्यालय में हुई बैठक में प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की बयार चल रही है। अब तक हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ जीतेंगे। कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें महिला नौजवान व किसान विरोधी है इसे जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि आने वाले 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियां को महसूस करते हुए इस जन विरोधी सरकार से जनता को जल्द राहत दिलायेगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार अपने कर्मों की वजह से सत्ता से बेदखल कर दी जायेगी। जिला प्रवक्ता व पार्टी उपाध्यक्ष चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने भी कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा आदि ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।




# कांग्रेस के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी ने की प्रेसवार्ता, कांग्रेस के घोषणा पत्र को तोड़-मरोड़ कर दिखा रही है भाजपा: अमित उठवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एंव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश डा अमित कुमार उठवाल एडवोकेट ने पुरानी तहसील स्तिथ कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया एडवोकेट डॉक्टर अमित कुमार उठवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं खासतौर पर प्रधानमंत्री एवम मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र/ न्याय पत्र पर भ्रम पैदा करके गलत बयानबाजी कर रहे हैं उन्हें ऐसी बयानबाजी से बाज आना चाहिए कांग्रेस ने अपने घोषण पत्र में देश को पांच गारंटी दी हैं कांग्रेस अपने न्याय पत्र में किए गए सभी वादों को पूर्ण रूप से पूरा करेगी। देश की जनता कांग्रेस के साथ है और उन्होंने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी को हर दिखाई दे रही है जिससे गलत बयान बाजी कर रही है भारतीय जनता पार्टी हारेगी और देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।



# ग्राम कुड़ा मीरपुर के यादराम सिंह त्यागी इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद (अवनीश त्यागी)।** जिला मुरादाबाद के ब्लॉक छजलैट के ग्राम कुड़ा मीरपुर के यादराम सिंह त्यागी इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि जे डी चौहान एवं विशिष्ट अतिथि पीसीएस अधि कारी गौरव त्यागी द्वारा सम्मानित किया गया छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के चेहरे पर अत्यंत खुशी की झलक देखने को मिली कॉलेज के प्रबंधक श्री जसवंत सिंह त्यागी एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गौरव त्यागी मास्टर अतुल त्यागी ने टॉपर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इसी के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं देकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और मास्टर अतुल त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी को शुभकामनाएं दी पीसीएस अधिकारी गौरव त्यागी ने स्कूल के टॉपर तनीष त्यागी और शीतल त्यागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस सम्मान समारोह के अवसर पर श्री जसवंत त्यागी डॉक्टर कपिल त्यागी आमोद राजेश त्यागी मास्टर अतुल त्यागी अवनीश त्यागी देवेंद्र सिंह ईश्वर चंद अनुज कुमार त्यागी पंकज बिश्नोई अशफाक अली हरिओम त्यागी तेज सिंह हरिओम सिंह ग्राम प्रधान कुड़ा मीरपुर प्रधानाचार्य सोमेंद्र सिंह त्यागी एवं समस्त स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।





# इंटरमीडियट परीक्षा में जिले की टापर्स को लोगों ने किया सम्मानित



**मिल्कीपुर/अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राकेश कुमार यादव की पुत्री एवं देवा इंटर कालेज उसरू अमौना में इंटरमीडिएट की छात्रा दीप शिखा ने बोर्ड परीक्षा में जनपद में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इसी विद्यालय में पढ़ने वाली राकेश कुमार की दूसरी बेटी श्रद्धा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम ऊंचा किया है। दोनों बच्चों के परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने बच्चों के घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय के अलावा परिषदीय स्कूलों में घुरेहटा संकुल के नोडल अधिकारी तुलसीराम, प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंग्टनगंज के ब्लॉक संयोजक बीरेंद्र दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष रंजित यादव, उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री रवीन्द्र वर्मा, शिक्षक अर्जुन यादव, योगेश यादव, अजय यादव, मनुजेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनुराग प्रजापति, धनीराम चौरसिया आदि गणमान्य नागरिकों ने दोनों छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर सभी ने कहा कि यदि बालिकाओं को उचित मार्गदर्शन मिलता रहे तो वह एक दिन सफल होकर परिवार को दोगुना सम्मान वापस करती हैं।

# विवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**गोसाईगंज-अयोध्या (आरएनएस)।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके की एक विवाहिता ने अपने ससुरालीजनों पर मारपीट व दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। परमानपुर गांव निवासिनी शशिकला पत्नी दीपक प्रजापति का कहना है कि आठ साल पूर्व उसकी शादी दीपक के साथ हुई थी।उसके दो बच्चे एक सात वर्ष व दूसरा छह महीने का है।आरोप है कि उसका पति दीपक ,ससुर शशिपाल प्रजापति,सास सावित्री देवी व देवर दर्पण प्रजापति दहेज की मांग को लेकर आये दिन बुरी तरह से मारते पीटते है और अपशब्द कहते है।सोमवार को भी सभी लोगो ने मिलकर उसे बुरी तरह से पीटा। इसके पहले भी गर्भावस्था के दौरान मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था।

# नामांकन जुलूस से चुनाव अभियान को धार देगी भाजपा

**अयोध्या (आरएनएस)।** भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह एक मई को नामांकन करेंगे। नामांकन जलूस रामकथा पार्क से प्रारम्भ होगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। इन रोड शो के माध्यम से भाजपा चुनाव को धार देने में जुट गई है।
लोकसभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि एक मई को प्रातः 9 बजे रामकथा पार्क से भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह का नामांकन जुलूस निकलेगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी व फायर ब्रांड नेता विनय कटियार मौजूद रहेंगे। जुलूस



में दोपहिया वाहनों से हजारों कार्यकताओं की मौजूदगी रहेंगी। जूलूस लता चौक, रामपथ, साकेत महाविद्यालय, रीडगंज, चौक, रिकाबगंज से प्रेस क्लब तिराहे तक जाएगा। नामांकन जुलूस के लिए तैयारियां की जा रही है। बूथ स्तर के कार्यकताओं की उपस्थिति रहेगी। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। जुलूस का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन जलूस को ऐतिहासिक बनाने तैयारी भाजपा ने किया है। जलूस की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। नामांकन जलूस में शामिल होने वाले पदाधिकारी सुबह से विभिन्न टोलियों को साथ लेकर रामकथा पार्क पहुंचना शुरू कर देंगे। पूरे आयोजन की मानीटरिंग जिला व महानगर के पदाधिकारी करेंगे। नामांकन जलूस के स्वागत के लिए स्थानीय जनता भी उत्सुक है।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267